16- FEB- COR- MAIN- Pg- 1_page1.qxd 2/16/2025 10:05 PM Page 1



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## हरिभूमि लाइव

### हाईटेक हो चुके चुनाव में प्रत्याशियों ने बदला तरीका अब शराब, साड़ी और बर्तन की जगह नकद



पंच, सरपंच से लेकर जनपद और जिला पंचायत सदस्य के लिए चल रहा पार्टी का दौर

# पंचायत चुनाव में बदला ट्रेंड, बकरा भात और चिकन पार्टी के साथ नकद और ऑनलाइन पेमेंट की इंट्री

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

बस्तर के आदिवासियों का जीवन में हर हाल में खुशहाल रहकर हर मौके का जमकर आनंद उठाना है। चाहे वह शादी हो या फिर मरनी। अवसर चुनाव का हो तो यह किसी पर्व से कम नहीं है। छोटे से वार्ड पंच के चुनाव में भी 2 से 5 प्रत्याशी तक मैदान में हैं। वहीं सरपंच का पद गांव के मुखिया का होता है, इसमें तो होड़ लगी है। उसके बाद जनपद और जिला पंचायत सदस्य के लिए गांव-गांव में डीजे के साथ पिकअप वाहन और आटो में प्रचार तो मामूली बात हो गई है। हरिभूमि ने बुधवार से शुक्रवार तक 3 दिनों में ग्रामीण क्षेत्र नगरनार के दर्जनभर गांव के अलावा तोकापाल, लोहंडीगुड़ा, बस्तर और दरभा ब्लाक के छोटे बड़े कई गांवों का जायजा लिया। दिन में सुबह से शाम तक प्रचार की थकान से परेशान प्रत्याशी और समर्थक शाम होते ही गांव-गांव में पहुंचकर अलग-अलग जाति वर्ग विशेष के लोगों ▶▶| शेष पेज 6 पर



### ग्रामीणों को खुश करने के लिए हर तरीका अपनाना पड़ता है

5 साल में एक बार आने वाला चुनाव लोगों के लिए बड़ा त्यौहार जैसा है। राजनीतिक पार्टी से जुड़े छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ता चुनाव जीत कर पद पाने की उम्मीद में रहते हैं। टिकट एक को मिलता है लेकिन कई बागी भी मैदान में हैं। यह चुनाव बिना पार्टी और चुनाव चिन्ह के होता है इसलिए संख्या अधिक है। खर्च की कोई सीमा नहीं है। खाना-पीना आदिवासी जीवन का हिस्सा है, इसमें वे उल्लास और मस्ती में रहते है।

-राजाराम तोड़ेम, पूर्व विधायक व भाजपा नेता

# ग्राम सरकार चुनने आज पहले चरण में 53 ब्लॉक में मतदान

नगरीय निकाय के बाद अब ग्राम सरकार चुनने की तैयारी है। तीन चरणों में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में सोमवार को प्रदेश के 33 जिलों के 53 ब्लॉक की ग्राम पंचायतों के लिए 57 लाख 99 हजार 660 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के बाद मंगलवार को परिणाम सामने आ जाएगा।



■ **58 लाख** मतदाता चुनेंगे पंच सरपंच, जिला और जनपद सदस्य

### ये प्रत्याशी चुनाव मैदान पर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनता पंच-सरपंच के अलावा जनपद और जिला पंचायत के लिए अपना जनप्रतिनिधि चुनेगी। तीन चरणों में होने वाले मतदान में जिला पंचायत के 433 पद, जनपद पंचायत के 2,973 पद और ग्राम पंचायत (सरपंच) के 11,672 पद, पंच के 1,60,180 पद के लिए जनता अपना मत देगी।

### बैलेट पेपर से होंगे मतदान

नगरीय निकाय के विपरीत ग्राम सरकार के लिए मत पत्रों के लिए चुनाव होगा। चुनाव में ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, जनपद पंचायत और जिला पंचायत सदस्य चुनने के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव के लिए रविवार शाम तक पोलिंग पार्टी निर्धारित मतदान केंद्रों तक पहुंच गई हैं। जहां सोमवार की सुबह से मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं प्रदेश के नक्सल प्रभावित इलाकों में विशेष सुरक्षा के बीच मतदान कराया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को होने वाले पहले चरण के मतदान में सबसे ज्यादा मतदाता बिलासपुर जिले के मस्तूरी ब्लॉक में 2 लाख 79 हजार मतदाता हैं। वहीं रायपुर के आरंग ब्लॉक में 2 लाख 23 हजार 644 मतदाता हैं। तीसरे स्थान पर मुंगेली जिले का मुंगेली ब्लॉक है जहां 1 लाख 88 हजार 496 मतदाता और चौथे स्थान पर दुर्ग जिले के दुर्ग ब्लॉक है, जहां एक लाख 62 हजार 844 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### पहले चरण में 57.99 लाख मतदाता

पहले चरण में कुल 57 लाख 99 हजार 660 मतदाता हैं। इनमें से 28 लाख 70 हजार 859 पुरुष, 29 लाख 28 हजार 751 महिला और 50 तृतीय लिंग के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा। वहीं बस्तर संभाग में सुबह 6.45 से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा।

# पार्षदों में भी भाजपा ने लगाई सेंध, कांग्रेस से तीन गुना हुए, 10 निगमों में भाजपा के 174 पार्षद बढ़े

सुरेंद्र शुक्ला ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के कई किले फतेह कर लिए। निगमों में सूपड़ा साफ कर दिया। परिषदों और नगर पंचायतों में भी एकतरफ जैसा हाल रहा। लेकिन इससे भी बड़ी जीत भाजपा ने पार्षद पदों पर की है। नगर निगम में भाजपा पार्षदों की संख्या कांग्रेस से तीन गुना बढ़ी है। नगर निगमों में ही भाजपा के 174 पार्षद बढ़े हैं। पिछली बार 10 नगर निगम में 215 भाजपा पार्षद चुनाव जीते थे, जो इस बार बढ़कर 381 हो गए हैं।

नगरीय निकाय के 10 नगर निगम में चुनाव का परिणाम आने के बाद अब नगर निगम में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला है। सभी में भाजपा को दो तिहाई से अधिक का बहुमत मिला ▶▶| शेष पेज 6 पर

### कांग्रेस से तीन गुना ज्यादा भाजपा पार्षदों की संख्या

### सबसे ज्यादा 31 पार्षद रायपुर में बढ़े, 29 से हो गए अब 60

### कांग्रेस के घट गए 150 पार्षद

10 नगरीय निकायों में कुल 542 वार्ड के लिए पार्षद का चुनाव किया गया। इनमें भाजपा के 381 पार्षद चुनकर आए हैं। 2019 के नगरीय निकायों की तुलना में इस बार 10 नगर निगम में कांग्रेस के पार्षदों की संख्या 268 से घटकर 118 हो गई है, इस प्रकार 150 कांग्रेस पार्षद कम हुए हैं। वहीं निर्दलियों की संख्या पिछली बार 57 थी, वह घटकर 43 हो गई है।



### कांग्रेस के इतने पार्षद हुए कम

10 नगरीय निकायों का गणित देखें तो 70 वार्ड वाले रायपुर नगर निगम में भाजपा ने एक तरफा जीत दर्ज किया है। यहां पर भाजपा के 60 पार्षद चुनकर आएं हैं। वहीं कांग्रेस को 7 और निर्दलियों की संख्या 3 रह गई है। दूसरे स्थान पर राजनांदगांव रहा जहां पर 51 वार्ड में 39 पार्षद भाजपा के चुनकर आएं हैं। बिलासपुर में भी 70 वार्ड हैं यहां पर भाजपा ने 49 वार्ड में परचम फहराया। कांग्रेस को यहां पर 18 सीटें मिली हैं। यहां पर कांग्रेस को 8 और निर्दलीय चार स्थान पर ही जीत पाए। धमतरी और चिरमिरी ▶▶| शेष पेज 6 पर

**2019 की स्थिति**

| नगर निगम | कुल | बीजेपी | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 70 | 30 | 35 |
| रायपुर | 70 | 29 | 34 |
| अंबिकापुर | 48 | 20 | 27 |
| धमतरी | 40 | 17 | 18 |
| राजनंदगांव | 51 | 21 | 22 |
| कोरबा | 67 | 31 | 26 |
| दुर्ग | 60 | 16 | 30 |
| चिरमिरी | 40 | 13 | 24 |
| जगदलपुर | 48 | 19 | 28 |
| रायगढ़ | 48 | 19 | 24 |

**2025 की स्थिति**

| नगर निगम | कुल | बीजेपी | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 70 | 49 | 18 |
| रायपुर | 70 | 60 | 07 |
| अंबिकापुर | 48 | 31 | 15 |
| धमतरी | 40 | 27 | 08 |
| राजनंदगांव | 51 | 39 | 08 |
| कोरबा | 67 | 45 | 11 |
| दुर्ग | 60 | 40 | 12 |
| चिरमिरी | 40 | 27 | 11 |
| जगदलपुर | 48 | 30 | 16 |
| रायगढ़ | 48 | 33 | 12 |

### महाकुंभ जा रहे 10 की सड़क हादसे में हुई थी मौत

# एक ही बस्ती के छह की मौत कुछ आपस में रिश्तेदार भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

महाकुंभ में स्नान करने प्रयागराज जा रहे कोरबा के 10 लोगों की एक सड़क हादसे में मौत के बाद सभी मृतकों का उत्तरप्रदेश में वैधानिक कार्यवाही कर शव को रविवार की सुबह रवाना किया गया जहां 4 मृतकों का शव उनके गृहग्राम लोरमी व खरौद भेजा गया तो 6 लोगों का शव कोरबा देर रात पहुंचा। सोमवार को कल्मीडुग्गू बस्ती में सभी 6 मृतकों का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत कलमीडुग्गू बस्ती निवासी 10 लोग बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 11 बी 4202 में सवार होकर महाकुंभ में गंगा स्नान करने 14 फरवरी की शाम को दर्री से प्रयागराज के लिए रवाना हुए थे। सभी श्रद्धालु 15 फरवरी की रात करीब 1 बजे उत्तर प्रदेश के जिला माजा थाना मानपुर के पास पहुंचे थे तभी उनकी तेज रफ्तार बोलेरो प्रयागराज से वापस मध्यप्रदेश जा रही बस क्रमांक एमपी 07 एफ ए 8888 से जा टकराई थी और बोलेरो के परखच्चे उड़ गए थे और बोलेरो में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में उत्तरप्रदेश पुलिस द्वारा रविवार की सुबह मामले में वैधानिक कार्यवाही की गई और सुबह लगभग 10 बजे ▶▶| शेष पेज 6 पर

दर्री थाना के कलमीडुग्गु बस्ती के रहने वाले थे मृतक
2 का शव लोरमी तो एक का शव गया खरौद



### एक लाइन से घर

6 श्रद्धालुओं का शव कल्मीडुग्गू स्थित उनके निवास सोमवार की सुबह लाया जाएगा। जहां परिजनों द्वारा सभी मृतकों का एक साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। बताया जाता है कि सभी 6 मृतक कल्मीडुग्गू में एक लाइन से निवास करते थे। बस्ती में एक साथ 6 लोगों का अंतिम संस्कार किया जाएगा इसके लिए बस्तीवासियों ने पहले से ही तैयारी कर ली है जहां गमगीन माहौल में सभी मृतकों का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### हादसे में इनकी हुई मौत

मृतकों में दर्री थाना क्षेत्र के कलमीडुग्गु बस्ती निवासी ईश्वरी प्रसाद जायसवाल, संतोष सोनी, भागीरथी जायसवाल, सोमनाथ, अजय बंजारे, सौरभ कुमार सोनी, गंगा दास वर्मा, शिव राजपूत, दीपक वर्मा, राजू साहू शामिल है। बस्ती में एक साथ रहने वाले 10 लोगों की मौत हो जाने से पिछले 2 दिनों से बस्ती में सन्नाटा पसरा हुआ है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक मृतकों के परिजनों को घटना की पूरी जानकारी नहीं दी गई है।




### पुंछ में नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर रविवार को हल्की गोलीबारी हुई। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि गुलपुर सेक्टर में पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे एलओसी के पार जंगली इलाके से भारतीय सेना की चौकी पर गोलीबारी की गई। अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी थोड़ी देर में रुक गयी। उन्होंने बताया कि भारतीय पक्ष को कोई नुकसान नहीं हुआ। अधिकारियों ने बताया कि यह अब तक स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी के पीछे पाकिस्तानी सेना का हाथ है या फिर जंगल में छिपे आतंकवादी थे, जो मौके की तलाश में भारत में घुसने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह सीमा पार से कुछ घटनाएं हुईं, जिसमें एक आईईडी विस्फोट भी शामिल है।




डॉ. सुश्री सरोज पांडेय जी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा
एवं पूर्व राज्यसभा सांसद
मान. बृजमोहन अग्रवाल
सांसद
मान. रामविचार नेताम
केबिनेट मंत्री
मान. ओ.पी. चौधरी
केबिनेट मंत्री
मान. श्याम जायसवाल
केबिनेट मंत्री
मान. केदार कश्यप
केबिनेट मंत्री
मान. टंकराम वर्मा
केबिनेट मंत्री
मान. दयाल दास बघेल
केबिनेट मंत्री
मान. लक्ष्मी राजवाड़े
केबिनेट मंत्री
मान. लखनलाल देवांगन
केबिनेट मंत्री
मान. मीनल चौबे
महापौर, रायपुर
मान. डॉ. रमन सिंह जी
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा
मान. अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मान. विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मान. नंदन जैन जी
प्रदेश कोषाध्यक्ष, भाजपा
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मान. किरण सिंहदेव जी
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा
साय जी के 'सुशासन' पर लगी 'मुहर'
जीत गई जनता जीत गई भाजपा
भाजपा की ऐतिहासिक जीत
एवं
श्रीमती अनिता चंदन अग्रवाल को
नगर पंचायत थान खम्हरिया साजा
अध्यक्ष पद हेतु प्रदेश की
सबसे बड़ी जीत में से एक के लिए
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
मान. चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष
राईस मिल एसोसियेशन
मान. बसंत अग्रवाल
समाजसेवी एवं भाजपा नेता
विनीत : समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी थान खम्हरिया साजा

बिलासपुर
सोमवार 17 फरवरी 2025
फाल्गुन कृष्ण पक्ष पंचमी
वर्ष : 24, अंक : 325
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00***

**मौसम**
अधि. 34.4
न्यून. 16.4

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## आईपीएल : 22 मार्च से शुरू होगा क्रिकेट लीग का महाकुंभ



65 दिन का टूर्नामेंट
10 टीमें खेलेंगी
13 शहर मेजबान
74 मैच का रोमांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का शेड्यूल रविवार को जारी हो गया। 65 दिन के टूर्नामेंट में 10 टीमें 13 शहरों में 74 मैच खेलेंगी। 22 मार्च से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। पहला मैच ईडन गार्डन में कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। 20 से 25 मार्च के बीच आईपीएल के प्लेऑफ हैदराबाद और कोलकाता में होंगे। क्वालीफायर 1 और एलिमिनेटर हैदराबाद में और क्वालिफायर 2 कोलकाता में खेला जाएगा। फाइनल मैच 25 मई को कोलकाता में होगा। 12 में से पहला डबल हेडर 23 मार्च को होगा। 2022 में आईपीएल में दस टीम हो गई थीं। इसके बाद से टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाता है। कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स एक ग्रुप में हैं।

# लीजेंड 90 के फाइनल में आज छत्तीसगढ़ और दिल्ली के बीच भिड़ंत, दर्शकों के बीच रहेंगी तमन्ना भाटिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लीजेंड 90 क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फाइनल मुकाबला शहीद वीर नारायण स्टेडियम में खेला जाएगा। इस रोमांचक मैच में आईपीएल जैसा क्रिकेट देखने को मिलेगा। टूर्नामेंट को खास बनाने के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया भी स्टेडियम में दर्शकों के बीच मौजूद रहेंगी। वह स्टेडियम के चारों ओर दर्शकों से मिलने के लिए जाएंगी, हालांकि लाइव प्रस्तुति नहीं होगी। वह पहले पारी के बाद समापन तक स्टेडियम में रहेंगी।

बता दें कि छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को हराकर पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी, जबकि दिल्ली ने रविवार को राजस्थान को हराकर फाइनल में पहुंच गई। अब दोनों टीमें आज फाइनल में आमने सामने होंगी। यह मैच दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर का होने वाला है, जिसमें खिलाड़ी अपनी टीम की जीत के लिए अपनी पूरी मेहनत और संघर्ष को मैदान में उतारेंगे। फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ के कप्तान गुप्टिल मार्टिन और दिल्ली के शिखर धवन के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिलेगा। स्टेडियम में दर्शकों का उत्साह है और तमन्ना की उपस्थिति इस आयोजन में एक अलग ही रंग और आकर्षण जोड़ने वाली है।

### मैच देखने दर्शकों के लिए स्टेडियम में एंट्री रहेगी फ्री, शिखर धवन और गुप्टिल मार्टिन होंगे आमने सामने

#### फार्म में है शिखर धवन और गुप्टिल मार्टिन

लीजेंड 90 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में शिखर धवन और गुप्टिल मार्टिन दोनों ही फार्म में हैं, और इन दोनों बल्लेबाजों ने लीग मैचों में अपनी शानदार बल्लेबाजी से क्रिकेट ⏭ शेष पेज 6 पर

खास खबर






■ स्टेडियम में तमन्ना भाटिया की नहीं होगी लाइव प्रस्तुति, चारों ओर दर्शकों से मिलने जाएंगी

#### एंट्री के लिए टिकट की जरूरत नहीं

लीजेंड 90 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में स्टेडियम में एंट्री के लिए दर्शकों को टिकट खरीदने की आवश्यकता नहीं है। आयोजकों ने यह घोषणा की है कि एंट्री पूरी तरह से फ्री होगी। दर्शक किसी भी गेट से आसानी से स्टेडियम में प्रवेश कर सकते हैं। मैच शाम 7 बजे से शुरू होगा और 15 ओवर के रोमांचक मुकाबले के साथ खेला जाएगा। फाइनल के बाद टीम की जीत का जश्न आतिशबाजी के साथ मनाया जाएगा, जिससे मैच का समापन शानदार तरीके से होगा। टिकट फ्री होने से और भी ज्यादा लोग इस रोमांचक मैच का हिस्सा बन सकेंगे

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सोने की खदान ढहने से 42 लोगों की मौत

**बामाको।** माली के पूर्वी इलाके में सोने की एक खदान ढहने से दर्जनों लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए।



मालियन टेलीविजन और केनीबा जिले के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना केनीबा जिले में हुई। यह इस साल फ्रेंच भाषी पश्चिमी अफ्रीकी देश में दूसरी बड़ी दुर्घटना है।

### विस्फोटक निर्माण इकाई में विस्फोट से दो लोगों की मौत

**नागपुर।** नागपुर जिले में विस्फोटक निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई। कई अन्य घायल हो गए।



विस्फोट जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर, काटोल तहसील के कोतवलबडी में एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में अपराह्न 1:30 बजे हुआ। दो की मौत हुई है।

### इंजीनियर के कई परिसरों पर छापेमारी

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग के एक अभियंता के कई परिसर पर छापेमारी करके उसके पास ज्ञात



आय से 200 प्रतिशत अधिक संपत्ति होने का खुलासा किया। 12 टीम ने जयपुर, उदयपुर, अजमेर, ब्यावर, जोधपुर और फरीदाबाद में आरोपी अधिशाषी अभियन्ता दीपक मित्तल से परिसर पर छापेमारी की।

### इमारत में आग से दो महिलाओं की मौत

**मुंबई।** शहर में 11 मंजिला इमारत में आग लगने से दो महिलाओं की मौत हो गई और दो अन्य लोगों का दम घुटने लगा। इन दोनों की



हालत अब स्थिर है। सबीला खातून शेख (42) और साजिया आलम शेख (30) को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### पूरे गांव ने ली नेत्रदान करने की शपथ

**हैदराबाद।** तेलंगाना में एक गांव है मुछेरला। तेलंगाना के हनुमानकोंडा जिले में 500 लोग रहते हैं। इन सभी लोगों ने मृत्यु के बाद अपनी




आंखें दान करने की शपथ ली हुई है। पिछले कुछ साल में करीब 70 गांव वाले अपनी आंखें दान भी कर चुके हैं। हाल ही में राज्यपाल ने इस गांव को 'एक्सीलेंस इन आई डोनेशन' अवॉर्ड दिया।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में हादसे के पीछे बड़ी वजह सामने आई

# दो ट्रेनों का एक जैसा नाम, असमंजस में मची भगदड़, अब तक 18 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब कुछ यात्री 'फुटओवर ब्रिज' से उतरते समय फिसलकर अन्य लोगों पर गिर गए। प्लेटफॉर्म संख्या 14 और 15 पर प्रयागराज (जहां महाकुंभ का आयोजन किया गया है) जाने वाली ट्रेन पर सवार होने के लिए यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी जिसके बाद वहां भगदड़ मच गई। अस्पताल और पुलिस सूत्रों ने बताया कि 18 लोगों की मौत हुई है।

उत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि पटना जाने वाली मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या 14 पर खड़ी थी और नई दिल्ली-जम्मू उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या 15 पर खड़ी थी। उन्होंने भगदड़ का कारण बताते हुए कहा, कुछ लोग 'फुटओवर ब्रिज' से प्लेटफॉर्म संख्या 14 और 15 की ओर सीढ़ियों से उतर रहे थे तभी वे फिसलकर अन्य लोगों पर गिर गए। सूत्रों ने बताया कि रेलगाड़ियों के विलंब से चलने तथा हर घंटे 1,500 'जनरल' (सामान्य) टिकट की बिक्री के कारण नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। अन्य आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्लेटफॉर्म में बदलाव के बारे में संभवतः गलत घोषणा से भ्रम की स्थिति पैदा ⏭ शेष पेज 6 पर

*नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में अब तक 18 लोगों की जान चली गई है। हादसे पर दिल्ली पुलिस ने अपना बयान जारी किया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इस हादसे की वजह एक जैसी ट्रेनों के नाम और कई ट्रेनों के लेट होने से पैदा हुई भ्रम की स्थिति थी। यह हादसा महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की भीड़ के कारण हुआ। इस बीच, रेलवे ने जांच के आदेश दिए हैं।*

### रेलवे ने 18 मृतकों के परिजनों को 1.80 करोड़ रुपए का दिया मुआवजा






#### राष्ट्रपति, पीएम ने जताया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भगदड़ में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में लोगों की मौत होने के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। मैं शोकसंतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

#### मृतक के परिजनों को 10-10 लाख रुपए

रेलवे ने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए अनुग्रह राशि के तौर पर देने की घोषणा की। इसने कहा कि गंभीर रूप से घायलों को ढाई-ढाई लाख रुपए और मामूली रूप से घायल हुए लोगों को एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे। रेलवे स्टेशन पर रविवार दोपहर को भी यात्रियों की भीड़ देखी गई जो अपनी-अपनी ट्रेन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

#### मृतकों की हुई पहचान

मृतकों की पहचान आशा देवी (79), पिंकी देवी (41), शीला देवी (50), व्योम (25), पूनम देवी (40), ललिता देवी (35), सुरुचि (11), कृष्णा देवी (40), विजय साह (15), नीरज (12), शांति देवी (40), पूजा कुमारी (आठ), संगीता मलिक (34), पूनम (34), ममता झा (40), रिया सिंह (सात), बेबी कुमारी (24) और मनोज (47) के रूप में हुई है।

#### विपक्ष ने रेल मंत्री से मांगा इस्तीफा

विपक्षी दलों ने भगदड़ की इस घटना को लेकर सरकार की आलोचना की। कांग्रेस ने रविवार को मांग की कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि अगर वैष्णव इस्तीफा नहीं देते हैं तो उन्हें रेलवे स्टेशन पर कुप्रबंधन के लिए बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। आप ने भी कहा कि यह 'घोर कुप्रबंधन' और भीड़ नियंत्रण उपायों की कमी का ज्वलंत उदाहरण है।

#### शाह से मिले रेल मंत्री

विपक्ष की इस्तीफे की मांग के बीच रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। वैष्णव ने रेल हादसे की पूरी जानकारी शाह को दी। बताया जा रहा है कि सरकार इस घटना से सबक लेकर देश भर के रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की योजना बना रही है।

## पांच घंटे तक खड़े रहे कर्मी

# मतदान दल को ग्रामीणों ने बूथ में घुसने से रोका



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/डौंडी

बालोद जिले के धोतिमटोला में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने पहुंचे मतदान दल को शुक्रवार को ग्रामीणों ने बूथ में प्रवेश करने से रोक दिया। पंचायत भवन विवाद को लेकर डौंडी जनपद के ग्राम पंचायत धोतिमटोला में पंचायत भवन होने के बावजूद को दूसरे गांव दारुटोला में संचालित होने पर ग्रामीणों में नाराजगी है। नाराज ग्रामीणों ने आज मतदान दल को पोलिंग बूथ तक जाने से रोक दिया, जिससे हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। प्रशासन ने पांच घंटे तक ग्रामीणों को मनाने की पूरी कोशिश की। बालोद से अतिरिक्त एसपी अतिरिक्त बल के साथ मौके पर पहुंचे फिर भी ग्रामीण मतदान केंद्र का गेट छोड़ने को तैयार नहीं हुए।

■ बालोद जिले में पंचायत भवन संचालन को लेकर धोतिमटोला के ग्रामीण नाराज चुनाव का बहिष्कार

मतदान क्रमांक 67 के लिए आज दल धोतिमटोला जैसे ही पहुंचा ग्राम के सैकड़ों महिला पुरुष द्वारा चुनाव नहीं कराने व बहिष्कार की बात करके आक्रोशित होकर हंगामा करने लगे। धोतीमटोला ⏭ शेष पेज 6 पर

#### लोकसभा चुनाव में भी हुआ था मतदान दल का विरोध

लोकसभा चुनाव में भी मतदान दल को रोका था। ग्रामीण काफी समझाइश के बाद मतदान करने अब पंचायत चुनाव में भी अपनी मांगों को लेकर वे आंदोलन पर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत भवन धोतिमटोला में होना चाहिए, जबकि वर्तमान में पंचायत भवन आश्रित गांव दारूटोला में है।





# महाकुंभ में वीआईपी के पहुंचने का भी रिकॉर्ड

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

महाकुंभ 2025 न केवल श्रद्धालुओं का संगम है बल्कि यह देश-विदेश के बड़े उद्योगपतियों, राजनेताओं, सेलिब्रिटीज और विदेशी मेहमानों को भी आकर्षित कर रहा है। महाकुंभ में इस बार वीआईपी के आने का भी रिकॉर्ड बन गया है। पहली बार ऐसा हुआ है जब करीब चार हजार प्रोटोकॉल जारी हुए हैं। महाकुंभ में 51 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अब तक संगम में स्नान कर चुके हैं।

■ अब तक चार हजार प्रोटोकॉल दिनभर सिफारिश का सिलसिला

मेला अभी 11 दिन शेष है। इस विराट समागम का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता हैं कि दुनिया में केवल भारत और चीन की संख्या ही यहां आने वाले लोगों से अधिक है। मेले में देश की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, भूटान नरेश, कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, देश के प्रमुख उद्योगपतियों आदि के आने से मेले की भव्यता बढ़ी हैं। श्रद्धालुओं के आने का क्रम ऐसा ही रहा तो शिवरात्रि तक यह संख्या 65 करोड़ के पार जाने का अनुमान है।

#### सेलिब्रिटी भी पहुंच रहे

- देश के बड़े उद्योगपति और राजनेता प्रयागराज पहुंच रहे हैं।
- बॉलीवुड और मनोरंजन जगत की हस्तियां भी चार्टर्ड प्लेन से आ रही हैं।
- विदेशी राजनयिकों और कई मशहूर हस्तियों ने भी स्नान किया।
- ट्रेनों में जबरदस्त भीड़, रेलवे को चलानी पड़ीं अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें।
- रोडवेज बसों और निजी वाहनों से भी रिकॉर्ड संख्या में लोग पहुंचे।
- एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों के मुकाबले 10 गुना बढ़ गई।

#### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी धर्मेंद्र प्रधान ने लगाई डुबकी

महाकुंभ में रविवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और धर्मेंद्र प्रधान, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान, योगेंद्र उपाध्याय और दयाशंकर सिंह ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। संगम में पत्नी के साथ स्नान करने के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मीडिया से कहा, गंगा में स्नान और दर्शन पूजन बहुत अच्छे से हुआ। हमारे शहर नागपुर से हजारों की संख्या में लोग अपनी गाड़ियां लेकर यहां आ रहे हैं। हमें लगता है कि गंगा मां का आशीर्वाद सबको मिलेगा।

### विधायक दल की बैठक में आज तय हो सकता है दिल्ली सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत के बाद मुख्यमंत्री को लेकर पिछले कई दिनों से चर्चा है। बताया जा रहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद सीएम को लेकर फैसला किया जाएगा। ऐसे में अब खबर है कि सोमवार भारतीय जनता पार्टी की एक अहम बैठक होने वाली है जिसमें दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला लिया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक भाजपा के प्रदेश कार्यालय में विधायक दल की बैठक होगी। इस दौरान पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में नए सीएम का ऐलान होगा और परसों रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण हो सकता है।

# बैंक से उठा लाए थे दूसरे विषय के प्रश्नपत्र, अब गरियाबंद के स्कूल को सीबीएसई ने तीन साल के लिए किया बैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीएसई ने बड़ी कारईवाई करते हुए गरियाबंद के एक परीक्षा केंद्र को तीन साल के बैन कर दिया है। यहां मौजूदा शैक्षणिक सत्र के साथ ही आने वाले दो शैक्षणिक सत्रों में सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं परीक्षा के लिए केंद्र नहीं बनाए जा सकेंगे। बीते वर्ष शाला प्रबंधन की गंभीर लापरवाही सामने आई थी। माध्यमिक शिक्षा मंडल अपने प्रश्नपत्रों को संबंधित जिलों के पुलिस ⏭ शेष पेज 6 पर

खास खबर

■ सीबीएसई 10वीं-12वीं की परीक्षाएं प्रारंभ, शुरुआती दिनों में कम छात्र संख्या वाले विषयों के पर्चे

■ सभी केंद्रों के लिए सेंट्रल बोर्ड ने नियुक्त किए अपने पर्यवेक्षक




#### लोकल सिस्टम की मदद नहीं

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा केंद्रों में नकल रोकने के लिए उड़नदस्ते की टीम बनाई जाती है। इसके अलावा कलेक्टर भी अपने स्तर पर टीम बनाकर जांच कार्य करते हैं। पुलिस-प्रशासन से भी सहयोग लिया जाता है, लेकिन सीबीएसई ने अपनी परीक्षाओं के लिए खुद ही ⏭ शेष पेज 6 पर

#### पेट्रोल भत्ता सहित अन्य पारिश्रमिक

सीबीएसई जिन प्राचार्यों-उप प्राचार्यों अथवा अन्य व्यक्तियों की सेवाएं ऑब्जर्वर के रूप में लेता है, उन्हें उनके मासिक वेतन के साथ ही पेट्रोल भत्ता और अन्य पारिश्रमिक प्रदान किए जाते हैं। उनके सेवा केंद्र से परीक्षा केंद्र की दूरी सहित अन्य चीजों के आधार पर ये पारिश्रमिक तय होते हैं। इसके लिए भी बोर्ड द्वारा फॉर्म भरवाए गए हैं। गौरतलब है कि सीबीएसई की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से प्रारंभ हो गई हैं। बोर्ड द्वारा पूर्व में उन विषयों की परीक्षा ली जा रही है, जिसमें छात्र संख्या कम हैं। मुख्य विषयों की परीक्षाएं इसके बाद शुरू होंगी।

## अमेरिकी से निर्वासित ने किया दावा, हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

# हाथ में हथकड़ियां और पैरों में जंजीर बांधकर लाए गए भारत

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

अमेरिका से 116 अवैध प्रवासियों को लेकर एक विमान शनिवार देर रात अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा और एक निर्वासित व्यक्ति ने दावा किया कि यात्रा के दौरान निर्वासितों को हथकड़ियां पहनाई गईं और उनके पैरों में जंजीरें डाली गईं। अमेरिका से शनिवार रात अमृतसर भेजे गए निर्वासितों में शामिल दलजीत सिंह ने रविवार को दावा किया कि यात्रा के दौरान उन्हें हथकड़ियां पहनाई गईं और उनके पैरों में जंजीरें डाली गईं। सिंह ने होशियारपुर में संवाददाताओं से कहा, हमारे पैरों ⏭ शेष पेज 6 पर

#### इन राज्यों के निर्वासित

दूसरे जत्थे में निर्वासित लोगों में पंजाब से 65, हरियाणा से 33, गुजरात से आठ, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से दो-दो तथा हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू-कश्मीर से एक-एक व्यक्ति शामिल है। सूत्रों के अनुसार, अधिकतर निर्वासित लोग 18 से 30 वर्ष की आयु के हैं।



**जमीन बेची और खर्च किए 50 लाख :** निर्वासित गुरजिंदर सिंह (27) के एक रिश्तेदार ने संवाददाताओं को बताया कि उनके परिवार ने उसे विदेश भेजने के लिए एक एकड़ जमीन बेची और करीब 50-55 लाख रुपए खर्च किए। गुरजिंदर के रिश्तेदार ने कहा, ट्रैवल एजेंट ने उसे कानूनी तरीके से भेजने का वादा किया था, लेकिन बाद में वह उसे 'डंकी' (अवैध) मार्ग से ले गया।

#### दो हत्या के आरोपी भी पकड़ाए

अमेरिकी विमान से लौटे भारतीयों में 2 सगे भाइयों को पटियाला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों पर 25 जून 2023 को पटियाला के राजपुरा में हत्या का केस दर्ज हुआ था। अमेरिका अब तक 2 विमानों में भारत आए लोगों में यह पहला ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें किसी का क्रिमिनल रिकॉर्ड का पता चला और गिरफ्तारी हुई। इन दोनों की पहचान संदीप और प्रदीप के रूप में हुई है। एफआईआर के मुताबिक, 25 जून 2023 को गांव ढींडसा के हसमुख का अनाज मंडी के पास फल बेचने वालों के साथ झगड़ा हुआ था। हसमुख के कहने पर संदीप और प्रदीप तलवारें लेकर वहां आए और झगड़े में सरवन सिंह नाम के युवक की मौत हो गई।

*नई दिल्ली। रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ कई लोगों के लिए कभी नहीं भूल सकने वाली दर्दनाक यादें छोड़ गया। भगदड़ को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो व तस्वीरें जमकर वायरल हो रही हैं इन्हें देखकर आप इस बात का अंदाजा लगा सकते हैं कि आखिर भगदड़ मचने के बाद रेलवे स्टेशन पर किस तरह के हालात बने होंगे। चारों तरफ बिखरे हुए जूते-चप्पल और यात्रियों का सामान दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि मानो हर कोई अपनी जान बचाने के लिए किसी तरह से वहां से बच निकलने की जद्दोजहद करने में लगा होगा। आपको बता दें कि इस हादसे में अभी तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हैं।*

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद खौफनाक मंजर

# बिखरे जूते-चप्पल और यात्रियों का सामान लाशों के बीच लोग खोजते रहे अपनों को





### 'मेरी पत्नी और बेटी खत्म हो गई, बेटा जिंदा है लेकिन...',

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में राज कुमार मांझी की दुनिया ही उजड़ गई। दिल्ली से नवादा जा रहा था पूरा परिवार। कल शाम तक परिवार में चार लोग थे, अब दो लोग बचे हैं। बेटी और पत्नी की मौत हो चुकी है। रेलवे ने भी लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें पुष्टि हो रही है कि राजकुमार की पत्नी और मासूम बेटी अब इस दुनिया में नहीं है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद राज कुमार मांझी बदहवास इधर-उधर भाग रहे थे पत्नी बच्चों को ढूंढ रहे थे लेकिन कुछ देर बाद जो खबर मिली, उससे वो टूट गए।

### पत्नी जिंदा है भी या नहीं...

पति तलाश रहा

लापता लोगों की तलाश में गुप्तेश्वर यादव भी हैं, जो प्लेटफार्म नंबर 14 पर लगातार अपनी पत्नी को तलाश रहे हैं। उनके मोबाइल फोन में उनकी पत्नी तारा देवी (50) की तस्वीर है। 52 साल के गुप्तेश्वर यादव लगातार अपनी पत्नी की तलाश में जुटे हैं। वो बेहद भावुक होकर बता रहे हैं कि भीड़ में उनकी पत्नी तारा कहीं खो गईं पता नहीं वह जिंदा होगी भी या नहीं। गुप्तेश्वर यादव उन यात्रियों में हैं जो शनिवार रात अपनी पत्नी के साथ बिहार की ट्रेन पकड़ने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे थे।



### पिता रोते-रोते बोला- वह सिर्फ 12 साल का था....

यहां-वहां बिखड़े सामानों में जब एक पिता ने नीले रंग का बैग देखा तो फफक-फफक कर रोने लगा। उनका 12 साल का बेटा इस भगदड़ में गुम हो चुका था। उन्होंने रोते हुए कहा कि उसे मेरे साथ ट्रेन में चढ़ना था। शोक संतप्त परिवार अपने प्रियजनों की पहचान करने के लिए एलएनजेपी अस्पताल में एकत्र हुए। अपने लापता बेटे की तलाश कर रहे एक पिता रेलवे स्टेशन से बरामद सामानों में एक नीले रंग का बैग देखकर फफक-फफक कर रोने लगे।



### मैं मदद करना चाहता था लेकिन...

दिगंबर मंडल कहते हैं कि मैं मदद करना चाहता था, लेकिन इतनी भीड़ में मैं खुद भी हिल नहीं पा रहा था। कुछ देर बाद स्टेशन के कर्मचारी पहुंचे। हादसा रोकने के लिए देर हो चुकी थी, लेकिन वो नीचे गिरे लोगों को उठाने लगे। मैं पटरियों से होकर गया ताकि मुझे लोगों के ऊपर से न गुजरना पड़े और लोगों को बाहर निकाला।

## बाराबंकी में दुर्घटना में चार की मौत छह अन्य घायल




**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना इलाके में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के खराब खड़ी बस में पीछे से एक टेम्पो ट्रैवलर ने टक्कर मार दी, जिससे एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गयी जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ से आ रही बस वृंदावन होते हुए अयोध्या जा रही थी, जबकि महाराष्ट्र से आ रहा टेम्पो ट्रैवलर अयोध्या जा रहा था। सभी मृतक व घायल टेम्पो ट्रैवलर पर सवार थे। पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की पहचान दीपक, सुनील, अनुसुइया और जयश्री के रूप में हुई है। सभी की उम्र 35-55 के बीच थी और वे महाराष्ट्र के रहने वाले थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस संबंध में टेम्पो-ट्रैवलर चालक विद्धात सिहंदे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, जो दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि वाहन में यात्रा कर रहे गणेश इरैया की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### पीएम के यूएस दौरे के तीन दिन बाद ही लिया चौंकाने वाला फैसला

# ट्रंप ने भारत को दिया 'झटका': वोटर टर्नआउट बढ़ाने वाली करोड़ों डॉलर की फंडिंग रोकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी के यूएस दौरे के तीन दिन बाद ही डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को जोर का झटका दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका से भारत को मिलने वाली करोड़ों डॉलर की मदद पर रोक लगा दी है। अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी ने भारत में "वोटर टर्नआउट" को बढ़ाने के लिए जारी की जाने वाली 21 मिलियन डॉलर (1.82 अरब) की फंडिंग रद्द करने ऐलान किया है। डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क संभाल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह घोषणा डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के कुछ ही दिनों बाद की गई है। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं।



### बिना कटौती के अमेरिका दिवालिया हो जाएगा : मस्क

*एलन मस्क ने बार-बार कहा है कि बजट में कटौती के बिना "अमेरिका दिवालिया हो जाएगा" और यह पहल प्रशासन द्वारा बजट में किए गए व्यापक बदलाव की योजना के अनुरूप दिखती है। डीओजीई ने कहा कि भारत को दी जाने वाली 21 मिलियन डॉलर का फंड "चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण के लिए संघ को आवंटित 486 मिलियन डॉलर के बड़े बजट का हिस्सा था।*

### बटज कटौती पर सख्ती से काम

बता दें कि अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार बजट कटौती पर सख्ती से काम कर रही है। इस कड़ी में अमेरिका ने भारत को मिलने वाली करोड़ों डॉलर की राशि पर रोक लगा दी है। एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग ने रविवार को घोषणा की कि अमेरिका ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बनाए गए 21 मिलियन डॉलर के कार्यक्रम में कटौती करने का फैसला किया है।

### जो बाइडन के समय शुरू हुई थी फंडिंग

डीओजीई का कहना है कि वोटर टर्नआउट फंडिंग का उद्देश्य भारत में मतदाता मतदान को प्रभावित करना था। अब डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क ने वोटर टर्नआउट के लिए की जाने वाली 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग को रद्द कर दिया है। ये फंडिंग पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन के तहत शुरू हुई थी।

### क्यों रद्द हुई फंडिंग

*भारत समेत कई देशों की फंडिंग रद्द करने पर डीओजीई ने कहा है कि ये फैसला अमेरिकी सरकार की कार्यकुशलता में सुधार लाने के लिए किया गया है और ये सुनिश्चित करने के कि अमेरिकी करदाताओं यानी टैक्सपेयर्स के पैसे को विदेशी राजनीतिक गतिविधियों पर खर्च नहीं किया जाए।*

### ऐलन मस्क के फैसले पर क्या बोली भाजपा

*भारत में वोटर टर्नआउट फंडिंग को रद्द करने के एलन मस्क के फैसले पर बीजेपी ने अपना रिएक्शन दिया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमित मालवीय ने इस फंडिंग को भारत की चुनावी प्रक्रिया में 'बाहरी दखल' करार दिया। एक्स पर पोस्ट किए गए अपने बयान में अमित मालवीय ने कहा कि "मतदाताओं के लिए 21 मिलियन डॉलर? ये निश्चित रूप से भारत की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी दखलअंदाजी है। इससे किसे फ़ायदा होगा? निश्चित रूप से सत्तारूढ़ पार्टी को तो नहीं!*

## कार-ऑटो भिड़ंत में गोवा के पूर्व विधायक की हत्या

### ड्राइवर ने किए ताबड़तोड़ वार

कार और ऑटो की हुई थी टक्कर, आरोपी ने पीछा करके किया हमला



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के बेलगावी में किसी काम के सिलसिले से पहुंचे गोवा के पूर्व विधायक की शनिवार को ऑटो चालक के कथित हमले के बाद मौद हो गई। पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, गोवा के पूर्व विधायक की कार खादेबाजार के पास एक ऑटो से टकरा गई। पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता लावू मामलातदार अपनी कार से श्रीनिवास लॉज की तरफ जा रहे थे जब यह घटना घटी थी। इसके बाद ऑटो ड्राइवर ने उनकी कार का पीछा किया और लॉज के सामने पूर्व विधायक पर हमला कर दिया। कर्नाटक पुलिस विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दुर्घटना के बाद मामलातदार और ऑटो चालक के बीच बहस हो गई थी। अधिकारी ने लॉज के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए बताया कि बहस के दौरान ऑटो चालक ने पूर्व विधायक पर एक के बाद एक कई प्रहार किए।

### एमजीपी के 2012-17 तक रहे विधायक

बता दें, लावू मामलातदार 2012 से लेकर 2017 के बीच महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) से गोवा विधानसभा के सदस्य थे। साल 2022 में उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन कर लिया था और 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने मडकाई निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार मिली थी।

### सीसीटीवी में दिखा खौफनाक मंजर

अधिकारी ने बताया कि, इस हमले के बाद मामलातदार एक होटल गए, जहां वह सीढ़ियों से गिर गए। जब उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया, तो अस्पताल में भर्ती होने से पहले ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि, घटना का पूरा दृश्य लॉज के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

## झारखंड में पुलिस का अभियान

# 125 करोड़ से ज्यादा की अफीम फसल रौंदी गई, 86 गिरफ्तार



**रांची।** वृहद पैमाने पर झारखंड में अफीम की खेती का भंडाफोड़ हुआ है। झारखंड पुलिस ने रांची, खूंटी, सरायकेला-खरसावां और चाईबासा में प्रतिबंधित अफीम खेती का खुलासा किया है। पुलिस ने इस दौरान 125 करोड़ की अफीम फसल नष्ट कर 86 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं 5 फरवरी से जारी ऑपरेशन में 9871 एकड़ अवैध खेती नष्ट कर चुकी है। जानकारी के मुताबिक झारखंड के चार जिलों रांची, खूंटी, सरायकेला-खरसावां और चाईबासा में पुलिस ने स्पेशल ऑपरेशन के दौरान करीब 125 करोड़ रुपए मूल्य की अफीम की खेती रौंद डाली है। पुलिस की ओर से आधिकारिक तौर पर दिए गए आंकड़ों के अनुसार, इन चारों जिलों में अब तक कुल 9871 एकड़ इलाके में की गई अफीम की खेती का पता लगाकर उसे ट्रैक्टर और ग्रास कटर मशीन के जरिए नष्ट किया गया है।

**सबसे ज्यादा खूंटी में 6,473 एकड़ अफीम की खेती नष्ट-** खूंटी जिले में सबसे अधिक 6,473 एकड़ अफीम की खेती नष्ट की गई, जहां 55 गिरफ्तारियां हुईं है। रांची में 2,484 एकड़ क्षेत्र में कार्रवाई कर 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि चाईबासा में 394 एकड़ और सरायकेला-खरसावां में 520 एकड़ में फसल नष्ट कर 12 लोगों को पकड़ा गया है। एक एकड़ पोस्ते की खेती में तीन से चार किलोग्राम अफीम जानकारी के अनुसार औसतन एक एकड़ के इलाके में पोस्ते की खेती से तीन से चार किलोग्राम अफीम बनाया जाता है।

### अफीम की खेती समूल नाश करना है

राज्य के पुलिस महानिदेशक ने अफीम की खेती के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस पॉलिसी' के तहत कार्रवाई की जा रही है। इन चारों जिलों के पुलिस अधीक्षकों के अलावा सभी अनुमंडलों में पदस्थापित एसडीपीओ और 11 डीएसपी को इस स्पेशल ड्राइव की कमान सौंपी गई है।

## बस और जीप की भिड़ंत में 15 घायल

एजेंसी ▶▶| बांदा

उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में रविवार दोपहर रोडवेज बस और जीप में हुई आमने-सामने की टक्कर में कुल 15 लोग घायल हो गये। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना बिसंडा थानाक्षेत्र में हुई। बबेरू क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) सौरभ सिंह ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे अतर्रा से बबेरू जा रही एक रोडवेज बस की बिसंडा की ओर से आ रही जीप से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई।


उन्होंने बताया कि इस हादसे में दोनों वाहनों में सवार 15 लोग घायल हो गये हैं। अधिकारी ने बताया कि घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चार लोगों की हालत गंभीर होने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बांदा मुख्यालय भेज दिया गया।उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।






# अमित शाह बोले- भाजपा की प्रचंड जीत नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ की दिशा में बढ़ते कदम पर जनता की मोहर

*भाजपा की नगरीय निकाय में ऐतिहासिक जीत पर राष्ट्रीय नेताओं ने दी बधाई, मुख्यमंत्री साय ने जताया आभार*



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड एवं ऐतिहासिक जीत पर केंद्रीय नेतृत्व बहुत खुश है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं अन्य राष्ट्रीय नेताओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं प्रदेश भाजपा संगठन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अमित शाह ने कहा, भाजपा की प्रचंड जीत नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ की दिशा में बढ़ते कदम पर जनता की मोहर है। सीएम साय ने भी बधाई एवं शुभकामनाओं के लिए सभी का हृदय से आभार जताया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा है- छत्तीसगढ़ नगर निकाय के चुनावों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जन-जन तक विकास कार्यों की पहुंच और नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ की दिशा में बढ़ते कदम पर जनता की मोहर है। इस विजय के लिए जनता का बहुत-बहुत धन्यवाद और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और भाजपा छत्तीसगढ़ के सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एक्स पर लिखा है- भाजपा की प्रचंड विजय पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और भाजपा छत्तीसगढ़ के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूं। यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल-इंजन सरकार द्वारा क्रियान्वित हो रहीं जन-कल्याणकारी व जनजातीय-हितैषी योजनाओं पर प्रदेशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

## राजनाथ बोले-भाजपा का परफेक्ट टेन

देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा है- छत्तीसगढ़ के नगर निकाय चुनाव में भाजपा ने 'परफेक्ट टेन' हासिल करके जीत का परचम लहराया है। इस जबरदस्त जीत के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव समेत पूरी टीम को बधाई। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने एक्स पर लिखा है- यह ऐतिहासिक जीत मोदी की गारंटी और विष्णु देव साय के सुशासन पर जनता की मोहर है। राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने एक्स पर लिखा है नगर-नगर भाजपा, शहर-शहर भाजपा, छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में 10 की 10 सीटों पर भाजपा ने ऐतिहासिक विजय हासिल की है। भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने एक्स पर लिखा है- पंचायत से पार्लियामेंट तक भगवा लहरा रहा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने एक्स पर लिखा है छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल-इंजन सरकार द्वारा क्रियान्वित हो रहीं जन-कल्याणकारी नीतियों पर प्रदेशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

# नशीली दवा का कारोबार, चार महीने में केवल दो बार मेडिकल स्टोर्स तक पहुंची ज्वाइंट टीम

**जिले में करीब डेढ़ हजार दवा दुकान, जांच केवल पचास में**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दवा का दुरुपयोग नशे के लिए किए जाने की शिकायतों को रोकने दवा दुकानों में जांच के लिए चलाया गया अभियान ठंडा पड़ गया है। आदेश के चार महीने में खाद्य एवं औषधि प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम केवल दो बार दवा दुकानों तक पहुंच पाई है। रायपुर जिले में वर्तमान में करीब डेढ़ हजार मेडिकल स्टोर्स क्रियाशील हैं और जांच टीम केवल पचास दुकानों तक पहुंच पाई है।

प्रदेश में सूखा नशा का प्रचलन बढ़ा हुआ है, जिसमें नशीला टेबलेट सहित अन्य दवाओं का उपयोग जोर शोर से हो रहा है। इस तरह की समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा गृहमंत्री विजय शर्मा ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा पुलिस विभाग को मिलकर दवा के दुरुपयोग को रोकने तथा इसकी अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।


करीब चार माह पहले जारी किए गए इस आदेश के तहत ज्वाइंट टीम ने केवल दो बार रायपुर जिले में अपनी जांच की औपचारिकता पूरी की है। पहली जांच दिसंबर में हुई, जिसमें 30 दुकानों में जाकर दवाओं की खरीदी-बिक्री के मामले में जांच की गई थी। इसके बाद दूसरी कार्रवाई जनवरी में हुई, जिसमें 25 मेडिकल स्टोर्स को जांच के दायरे में लाया गया था। इनमें से कुछ दुकानों में अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की गई थी। दिलचस्प बात यह है कि रायपुर जिले में वर्तमान में करीब डेढ़ हजार मेडिकल स्टोर्स हैं और संयुक्त टीम केवल पचास दवा दुकानों में जांच कर पाई है।

जांच के दौरान सभी दवा दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश जारी किए गए थे और यह हिदायत दी गई थी कि कैमरे कभी बिगड़ने बंद नहीं होने चाहिए। इस आदेश के बाद विभागीय टीम ने इसे पालन करने के मामले में कभी फालोअप नहीं लिया है।

## बाहर से सप्लाई ज्यादा

सूत्रों के मुताबिक नशे के लिए उपयोग होने वाला टेबलेट ज्यादातर दूसरे राज्यों से लाकर यहां खपाए जाते हैं। अन्य राज्यों के दवा कारोबारियों के नाम पर इनकी खरीदी होती है और उसे लाकर रायपुर समेत अन्य जिलों में घूम-घूमकर बेचने वालों तक पहुंचाया जाता है। दूसरी ओर लाभ के लालच में भी कई बार छोटे दवा दुकानदार इस तरह का काम करते हैं। जांच अभियान द्वारा ऐसी लापरवाही के मामले में डेढ़ दर्जन दवा दुकानों पर कार्रवाई की गई थी।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने ट्रक को मारी ठोकर, आग लगने से केबिन में फंसे ट्रेलर चालक की मौत



**रायपुर।** महासमुंद से रायपुर की ओर आ रहे कोयला लदे ट्रेलर की सड़क किनारे खड़े जिप्शम से भरे ट्रक को टक्कर मारने से उसमें आग लग गई। ट्रेलर का चालक केबिन के अंदर ही फंस कर रह गया और आग की चपेट में आने से ट्रेलर चालक की जलकर मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। आग लगने से ट्रेलर पूरी तरह से जलकर कबाड़ में तब्दील हो गया है। घटना रविवार तड़के चार बजे की है। ट्रेलर की ट्रक में भिड़ंत होने से पंजाब, तरणतारन निवासी 26 वर्षीय निशान सिंह की मौत हुई है। ट्रक चालक ने पुलिस को बताया है कि ट्रक का टायर फटने की वजह से उसने ट्रक को रोड किनारे खड़ा कर दिया था। महासमुंद के रास्ते रायपुर की तरफ आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने ट्रक को पीछे से ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर में आग लग गई। ट्रक में टक्कर मारने की वजह से केबिन बुरी तरह से पिचक गया। ट्रेलर चालक केबिन में फंसा रह गया और वह केबिन से बाहर नहीं निकल पाया। उसकी केबिन के अंदर आग में जलने से मौत हो गई। आग की चपेट में आने से ट्रक भी जल गया है।

- घटना आरंग थाना क्षेत्र के पारागांव के पास की

## फायर ब्रिगेड पहुंचने के पहले ट्रेलर जलकर खाक

घटना की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने के पूर्व ट्रेलर आग में जलकर खाक हो गया। आग बुझाने के बाद पुलिस ने मृत ट्रेलर चालक को केबिन से बाहर निकाला और उसकी लाश पोस्टमार्टम के लिए आंबेडकर अस्पताल रवाना किया।

# 19 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर।** राजधानी में ओडिशा के काटाभांजी से लगातार गांजा सप्लाई की जा रही है, जिसे लेकर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने शनिवार को दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी लंबे समय से रायपुर में गांजे की तस्करी कर रहे थे। जीआरपी ने विशेष निगरानी रखते हुए दोनों को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। इस दौरान आरोपियों से 19 किलो 270 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत 3,85,400 रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा और उप पुलिस अधीक्षक एसएन अख्तर के मार्गदर्शन में जीआरपी और आरपीएफ द्वारा लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है।

- रेलवे स्टेशन रायपुर में जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई

## तलाशी से हुआ खुलासा

उप पुलिस अधीक्षक एसएन अख्तर ने बताया कि 15 फरवरी की रात लगभग 11 बजे प्लेटफार्म नंबर एक दुर्ग छोर पर महिला शौचालय खंभा नंबर 37 के पास चबूतरा क्षेत्र में दोनों आरोपी बैठे हुए थे। जब उनकी तलाशी ली गई, तो उनके पास अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा पाया गया। गंगाधर महानंद (25) के पास एक आर्मी रंग का बैग था, जिसमें 7.810 किलो गांजा था, जबकि अशफाक अली (21) के पास डार्क ग्रे रंग का ट्राली बैग था, जिसमें 11.460 किलो गांजा बरामद हुआ।

## रायपुर भेजा जा रहा था गांजा

दोनों आरोपियों के पास से 19.270 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 3,85,400 रुपये बताई जा रही है। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रायपुर के विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जहां उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# अवकाश के दिन निगम ने लगाया राजस्व कर वसूली शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम का राजस्व अमला निगम चुनाव के बाद अब बकाया राजस्व वसूली में जुट गया है। रविवार को अवकाश के दिन जोन 9 अमले ने शिविर लगाया। इसमें 10 लाख रुपये से अधिक की राजस्व वसूली की गयी।

नगर निगम जोन 9 के 7 वार्ड के रहवासियों की सुविधा के लिए रविवार को संपत्ति कर वसूली शिविर जोन सहायक राजस्व अधिकारी विजय शर्मा की उपस्थिति में लगाया गया। जोन कमिश्नर संतोष पांडेय के मार्गदर्शन में कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड, डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर वार्ड , नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड, महर्षि वाल्मिकी वार्ड, शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड और पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड के करदाताओं की सुविधा के लिये यह शिविर लगाया गया। शिविर में 10 लाख 87 हजार रुपये की राजस्व कर वसूली की गयी। जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय ने जोन 9 के सभी 7 वार्डों के सम्पति करदाता नागरिकों से अपील की है, संपत्तिकर, जलकर एवं अन्य बकाया निगम करों का पूर्ण भुगतान सुनिश्चित कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

- जोन 9 के शिविर 10 लाख रुपये से अधिक की वसूली

KokilabenHospital KDAHMumbai
www.kokilabenhospital.com

Kokilaben Dhirubhai Ambani
hospital & medical research institute
Every Life Matters

सेंटर फॉर कार्डियक साइंस लॉन्च करते हैं

भारत का पहला
AI-संचालित, इंटेलिजेंट
ARTIS ICONO
कार्डियक केथलेब
जिसमें
एक्सीमर लेजर सिस्टम है,



जो हृदय के इलाज में सबसे आगे लाता है सटीक इमेजिंग को, जिससे मरीज़ों का उपचार बेहतर होता है

'क्लियरस्टेंट लाइव' तकनीक द्वारा प्रदान की गई
कार्डियक स्टेंटिंग प्रक्रियाओं के दौरान बेजोड़ सटीकता

सिन्गो डायना CT कार्डियक' रीयल-टाइम 3D इमेजिंग द्वारा सक्षम वाल्व इम्प्लांटेशन प्रक्रियाओं के लिए पूर्ण वन-स्टॉप समाधान

कम रेडिएशन की तकनीक
70% तक रेडिएशन कटौती के साथ अनुकूलित चित्र विषमता के लिए'ऑप्टिक' इमेजिंग चेन

उच्च रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग के साथ बेजोड़ सटीकता
बेहतर इमेज अनुकूलन के लिए 'स्ट्रक्चर स्काउट' सामग्री-विशिष्ट एक्स-रे इमेजिंग तकनीक

हर प्रक्रिया में निर्बाध वर्कफ़्लो
केस फ़्लो' तकनीक पूरे वर्कफ़्लो को स्वचालित करती है, जो प्रक्रिया के समय को अनुकूलित करती है

हम सिर्फ़ अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क को पूरा नहीं करते -
हम अक्सर उनसे बेहतर परिणाम देते हैं!

| संकेतक | अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क | हमारे परिणाम |
|---|---|---|
| कुल मृत्यु दर | 5-6% | 0.46 |
| योजनाबद्ध बाईपास में मृत्यु दर | 2.50% | 0 |
| वाल्व सर्जरी में मृत्यु दर | 3% | <1 |
| उच्च जोखिम वाले मामलों में मृत्यु दर | 8-10% | 1.38 |
| मायोकार्डियल इंफार्क्शन | 3-4% | <1 |

सभी हृदय संबंधी उपचार के लिए एक पसंदीदा स्थान

EMERGENCY +91 22 4269 9999
APPOINTMENTS +91 22 4269 6969

Four Bungalows, Andheri (W), Mumbai 400 053
THE ONLY HOSPITAL IN MUMBAI HAVING FULL-TIME DOCTORS
AND ACCREDITED WITH JCI USA CAP USA NABL India NABH India

16- FEB- COR- MAIN- Pg- 6 SAMPADKI_Layout 1 2/16/2025 9:55 PM Page 1



## चिंतन

# वस्त्र क्षेत्र की उन्नति के लिए नई नीति और निवेश जरूरी

कृषि के बाद टेक्सटाइल सेक्टर सबसे अधिक रोजगार सृजन वाला क्षेत्र है। चीन के बाद भारत दूसरा टेक्सटाइल उत्पादक देश है, लेकिन हाल के वर्षों में इस लेबर ओरिएंटेड उद्योग को बांग्लादेश, फिलिपींस जैसे छोटे देशों से वैश्विक बाजार में चुनौती मिली है। 'भारत टेक्स' जैसे आयोजन भारतीय टेक्सटाइल उद्योग क्षेत्र के अवलोकन का अवसर देते हैं। राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में भारत टेक्स के आयोजन से भारतीय कपड़ा उद्योग को वैश्विक निर्माण, तकनीक से लेकर बाजार तक के बारे में विस्तार का अवसर मिलता है। इसमें 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा टेक्सटाइल और अपैरल्स निर्यातक है। हमारा टेक्सटाइल निर्यात 3 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। इसे 2030 तक 9 लाख करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य है। भारत की मैन्यूफैक्चरिंग में टेक्सटाइल सेक्टर 11 फीसदी का योगदान दे रहा है। सरकार ने वर्ष 2015 में कपड़ा उद्योग के प्रौद्योगिकी उन्नयन हेतु 'संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन कोष योजना' को मंजूरी दी थी। एकीकृत वस्त्र पार्क योजना कपड़ा इकाइयों की स्थापना के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाओं के निर्माण हेतु सहायता प्रदान करती है। वस्त्र क्षेत्र में कुशल श्रमिकों की कमी को दूर करने के लिए समर्थ योजना की शुरुआत की गई। पूर्वोत्तर क्षेत्र वस्त्र संवर्द्धन योजना शुरू की गई है। पावरलूम टेक्सटाइल में नए अनुसंधान और विकास, नए बाज़ार, ब्रांडिंग, सब्सिडी और श्रमिकों हेतु पावर-टेक्स इंडिया योजना है। रेशम समग्र योजना व जूट आईकेयर योजना हैं। तकनीकी वस्त्रों के निर्माण का बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन शुरू किया गया है। हाल में भारत ने मेक इन इंडिया, ब्रांड इंडिया, खादी ब्रांड आदि की पहल की है। आम बजट 2025-26 में कपास की लंबे रेशे वाली किस्मों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए 500 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ पांच वर्षीय कपास मिशन की घोषणा की गई है। भारत उच्च गुणवत्ता वाले कार्बन फाइबर के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इनसे टेक्सटाइल क्षेत्र को मदद मिलेगी, हालांकि भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर कई समस्याओं से भी जूझ रहा है। भारतीय टेक्सटाइल उद्योग में असंगठित क्षेत्र तथा छोटे एवं मध्यम उद्योगों का प्रभुत्व देखने को मिलता है। तकनीकी अपग्रेडेशन की रफ्तार बहुत धीमी है। जीएसटी भारतीय वस्त्र उद्योग को वैश्विक बाजार में महंगा व अप्रतिस्पर्द्धी बनाता है। भारत में परिधान इकाइयों का औसत आकार 100 मशीनों का है, जो बांग्लादेश की तुलना में बहुत कम है, जहां प्रति कारखाना औसतन कम-से-कम 500 मशीनें हैं। टेक्सटाइल सेक्टर को कर्ज मिलने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि यह रोजगार सृजन वाला क्षेत्र है। इन चुनौतियों के चलते विदेशी निवेशक वस्त्र उद्योग में निवेश करने के बारे में बहुत उत्साहित नहीं हैं, इसलिए इस क्षेत्र में एफडीआई की कमी है। इसके अलावा तकनीकी वस्त्र निर्माण में हम 5वें स्थान पर होते हुए भी बहुत पीछे हैं। ऑटोमोबाइल, सिविल इंजीनियरिंग और निर्माण, कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, औद्योगिक सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा आदि सहित विभिन्न उद्योगों में प्रयोग होने वाले तकनीकी वस्त्र के निर्माण को बढ़ावा देने की जरूरत है। भारत को वस्त्र क्षेत्र के समग्र विकास हेतु मिशन मोड में एक व्यापक खाका तैयार करने की आवश्यकता है। सरकार को सेबी, इरडा, ट्राई आदि की तरह कपड़ा क्षेत्र के लिए भी एक नियामक बनाना चाहिए और उद्योग को नीतिगत बाधाओं से मुक्त करना चाहिए।

# 'फ्रीबिज' पर सुप्रीम चिंता जायज



रेवड़ी कल्चर
प्रमोद भार्गव

देश की सबसे बड़ी अदालत ने सरकार की मुफ्त रेवड़ियों पर आश्रित लोगों और सरकार पर कटाक्षपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा नगद धनराशि एवं नि:शुल्क सुविधाएं देने के वादों पर कहा है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्य धारा में लाने की बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे? ये लोग मुफ्त राशन और धन मिलने से काम करने को तैयार नहीं हैं। अदालत ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी मांग पर सुनवाई के दौरान की है। अदालत की इस चिंता को राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में वाजिब कहा जा सकता है, क्योंकि इससे ऐसे लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

जीव-विज्ञान की भाषा में परजीवी ऐसे जीवाणु या कीटाणु होते हैं, जो किसी दूसरे जीव के अंदर रहकर उससे भोजन प्राप्त करते हैं। देश की सबसे बड़ी अदालत ने सरकार की मुफ्त रेवड़ियों पर आश्रित ऐसे ही लोगों और सरकार पर कटाक्षपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा नगद धनराशि एवं निःशुल्क सुविधाएं देने के वादों पर कहा है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्य धारा में लाने की बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे? ये लोग मुफ्त राशन और धन मिलने से काम करने को तैयार नहीं हैं। अदालत ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी मांग पर सुनवाई के दौरान की है। अदालत की इस चिंता को राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में वाजिब कहा जा सकता है। क्योंकि मुफ्त राशन और धन मिलने से लोग आलसी और निकम्मे तो हो ही रहे हैं, इनकी संख्या भी लगातार बढ़ रही है। भारत सरकार 81 करोड़ से भी ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन तो दे ही रही है, राज्य सरकारें चुनाव के ठीक पहले लाडली बहनों को प्रतिमाह 1250 से लेकर 3000 रुपये तक नगदी का लालच देकर मतदाता को लुभा रही हैं। नतीजतन मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग मुफ्त की रेवड़ियों के लालच में मतदान करने लगा है। यह स्थिति संवैधानिक लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

निर्वाचन लोक-पर्व के अवसर पर मुफ्त में तोहफे बांटे जाने की घोषणाएं सभी राजनीतिक दल बढ़-चढ़कर करते रहे हैं। हालांकि निर्वाचन के बाद ज्यादातर वादे फरेब साबित होते हैं। बावजूद मतदाता को इस प्रलोभन में लुभाकर राजनीतिक दल और प्रत्याशी अपना स्वार्थ साधने में सफल हो जाते हैं। परंतु अब सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी रेवड़ियां बांटे जाने पर गंभीर चिंता जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुफ्त के इन उपहारों पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। परंतु भाजपा भी चुनावों में रेवड़ियां बांटने के वादों से पीछे नहीं रही। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भाजपा की जीत के कारणों में इन वादों की भी अहम भूमिका रही है।

भाजपा नेता एवं अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने भी मुफ्त के वादों पर रोक के लिए न्यायालय में याचिकाएं लगाई हुई हैं। उन्होंने ऐसे दलों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इन वादों पर रोक इसलिए जरूरी है, क्योंकि इन लोक-लुभावन वादों के दो तरह के प्रभाव देखने में आते हैं। एक तो ये मतदाताओं के निष्पक्ष निर्णय को प्रभावित करते हैं और दूसरे, इन्हें पूरा करने के लिए अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब चुनाव नीतियों और कार्यक्रम की बजाय प्रलोभनों का फंडा उछालकर लड़े जाने लगे हैं। अपना उल्लू सीधा करने के लिए मतदाता को बरगलाना आदर्श चुनाव संहिता को ठेंगा दिखाने जैसा है। सही मायनों में वादों की घूस से निर्वाचन प्रक्रिया प्रदूषित होती है, इसलिए इस घूसखोरी को आदर्श आचार संहिता के दायरे में लाना जरूरी है। अफलातूनी वादों के उलट हकीकत में अब ज्यादा जरूरत शासन-प्रशासन को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की है। यह वादा ज्यादातर राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्र से हमेशा गायब रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी एक समय जरूर भ्रष्टाचार



मुक्त सरकार देने की राह पर चली थी, लेकिन अपने तीसरे कार्यकाल में शराब नीति में घोटाले और शीशमहल जैसे राजसी वैभव में डूब गई। आप ने बिजली दरें 50 फीसदी कम करने और हर परिवार को रोजाना 700 लीटर पानी मुफ्त मुहैया कराने के बुनियादी वादों के साथ चुनाव लड़ा और जीता भी, लेकिन सरकार की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई। तमिलनाडू की मुख्यमंत्री रहीं जयललिता ने तो चुनावी वादों का इतना बड़ा पिटारा खोल दिया था कि यह मामला जनहित याचिका के जरिए सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया था। इस याचिका में अन्नाद्रमुक की चुनावी घोषणा को भ्रष्ट आचरण मानते हुए असंवैधानिक ठहराने की मांग की गई थी, लेकिन न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी। उस समय न्यायालय ने दलील दी थी कि घोषणा-पत्रों में दर्ज प्रलोभनों को भ्रष्ट आचरण नहीं माना जा सकता है। न्यायालय ने लाचारगी प्रकट करते हुए कहा था कि इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। लिहाजा इस मसले पर विचार कर कारगर निर्णय लेने का कोई कदम विधायिका ही उठा सकती है। अलबत्ता अदालत ने निर्वाचन आयोग को जरूर निर्देश दिया था कि वह चुनावी घोषणा-पत्रों को मर्यादित करने की दृष्टि से अतिवादी व लोक-लुभावन घोषणाओं को रेखांकित करे, जिससे आदर्श चुनाव संहिता का पालन हो सके। इस परिप्रेक्ष्य में दुविधा यह है कि राजनीतिक दलों पर आयोग का अनुशासनात्मक नियंत्रण निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद होता है, जबकि ज्यादातर घोषणा-पत्र इस अधिसूचना के पहले जारी हो जाते हैं और कई वादे तो नेता चुनावी आमसभाओं में आचार संहिता का मखौल उड़ाते हुए भी कर डालते हैं। विडंबना है कि आदर्श निर्वाचन संहिता के तहत न तो कोई दंडात्मक कानून है और न ही इसकी संहिताओं में वैध-अवैध की अवधारणाएं परिभाषित हैं। आयोग यदि संहिता को लागू कर पाता है तो इसलिए कि राजनीतिक दल उसका सहयोग करते हैं और जनमत की भावना आयोग के पक्ष में होती है। तय है दल यदि आयोग के साथ असहयोग करने लग जाए तो आयोग हाथ पर हाथ धरे बैठा रह जाएगा। वैसे भी आयोग की जवाबदेही स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की है, न कि दलों के चुनावी मुद्दे तय करने की? बावजूद आयोग मामले संज्ञान में लेता है और उम्मीदवार को चेतावनी भी देता रहता है। लेकिन उम्मीदवार जानते हैं कि उनकी उम्मीदवारी को तत्काल खारिज करने का कोई अधिकार आयोग के पास नहीं है, इसलिए वे बेपरवाह रहते हैं। इन विरोधाभासी हालातों से शीर्ष न्यायालय परिचित है।प्रलोभन के जिन वादों के मार्फत मतदाता को बरगलाकर दल सत्ता के अधिकारी हुए हैं, उन वादों को घोषणा-पत्र में नहीं रखने का कानून बनाकर अपने ही हाथों से, अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने की गलती क्यों करेंगे? यहां सवाल यह भी उठता है कि दल जो घोषणाएं करते हैं उनका लाभ वर्ग-भेद के बिना जरूरतमंदों को मिलता है।

जातीय अथवा अल्पसंख्यक के आधार पर आरक्षण की घोषणा की जाती है तो इस स्थिति को जातीय अथवा सांप्रदायिक भेद की स्थिति माना जा सकता है! 81 करोड़ लोगों को सस्ता अनाज देने की सुविधा को भरे पेट वाले लोग सरकारी धन का दुरुपयोग मानते हैं। जबकि एक कल्याणकारी राज्य के वंचित तबके के लिए ये सुविधाएं अनिवार्य जरूरत भी हैं। अलबत्ता यह तथ्य जरूर सही है कि प्रलोभन मतदाता की नीयत को प्रभावित करता है और वह व्यापक सामाजिक हित की बजाय व्यक्तिगत हित को ध्यान में रखकर निर्णय लेने को विवश हो जाता है। जाहिर है, यह एक गंभीर मसला है और न्यायालय इस मुद्दे पर आगे बढ़ रही है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि कोई ऐसा हल जरूर निकले, जो सर्वमान्य होने के साथ लोक कल्याणकारी भी साबित होगा।

*(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## डार्क कॉमेडी
प्रो. मनीषा शर्मा



# 'न्यू नॉर्मल' के नाम पर सहज होना चिंता का सबब

मशहूर यूट्यूबर और पॉडकास्टर, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर रणबीर इलाहाबादिया को अपने विवादित टिप्पणी के लिए लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। उनका समय रैना के शो में कहा गया एक सवाल सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हुआ। इंडियाज गॉट लेटेंट शो में प्रतिभागियों से उपस्थित जज सवाल-जवाब करते हैं जो कॉमेडी पर बेस्ड होता है। इस शो में रणबीर ने पेरेंट्स रिलेशन पर विवादित सवाल पूछा था। इस प्रश्न के बाद लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं। निलेश मिश्रा गीतकार ने कहा कि इन लोगों में जिम्मेदारी की कोई भावना नहीं है। इस विवाद के बाद से रणबीर गायब हो गए। पर कल उन्होंने एक पोस्ट द्वारा इस प्रश्न के लिए माफी मांगी। उन्होंने स्वीकार किया कि माता-पिता के बारे में मेरी टिप्पणी असंवेदनशील और अनादरपूर्ण थी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर, सृजनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर कुछ भी कह कर या माफी मांग कर बच निकलना वर्तमान में लोगों का प्रिय शगल हो गया है। इसके पूर्व महाराष्ट्र के साइबर विभाग ने संज्ञान लेकर इंडिया गॉट लेटेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने समन जारी कर रणवीर और समय रैना को कोर्ट में पेश होने को कहा है। शिवसेना के सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी संसद की आईटी कमेटी से शिकायत कर इस मामले में एक्शन लेने की मांग की है। बता दें कि इस शो में ज्यादातर बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। इसमें रणबीर ने पेरेंट्स के निजी अंतरंग संबंधों पर अश्लील और अनावश्यक सवाल पूछा। इस पर विवाद शुरू हो गया और अनेक जगहों पर लोगों ने इस पर एफआईआर दर्ज कराई। रणवीर का यह विवादित एपिसोड बताता है कि वर्तमान में कॉमेडी के नाम पर जो पेश किया जा रहा है वह किसी भी तरह से हमारी संस्कृति और नैतिकता के अनुरूप नहीं है। माता-पिता के अंतरंग संबंधों के बारे में इस तरह के भद्दी टिप्पणी करना कॉमेडी नहीं है। डार्क ह्यूमर के नाम पर जो कुछ कहा जा रहा है वह कहीं ना कहीं हमारी संस्कृति और युवा पीढ़ी को भ्रष्ट कर रहा है। सोशल मीडिया के आने के बाद हमारे समाज में जिस तरह से खुलापन आया है, वह चौंकाने वाला है। शो में भी बैठे युवा जज जिस तरह हंस रहे थे, वह बता रहा था कि इस पीढ़ी के लिए शालीनता, संस्कार के मायने कुछ नहीं बचे। मैंने कुछ युवाओं से बात की, उन्होंने इसे सामान्य कहा कि उस शो का कॉन्सेप्ट ही ऐसा है। ये शो हम सभी का पसंदीदा है, हमें स्ट्रेस फ्री करता है। दो-चार ने ही स्वीकारा कि ये ज्यादा हो गया। तो देख लीजिए कि न्यू नॉर्मल के नाम पर युवा पीढ़ी किस प्रकार इन्हें सपोर्ट कर रही है। जो भी रील इन प्लेटफार्म पर डाली जाती है या जो वीडियो होते हैं उसमें ज्यादातर अश्लील सामग्री ही होती है। यह बनाने वाले की न कोई पहचान होती है न ही उनसे इस तरह की नैतिकता की बात की जाती है। क्योंकि रणबीर को पीएम मोदी ने 2024 में क्रिएटर अवार्ड से सम्मानित किया था और वे इनफ्लुएंसर हैं तो उन्हें इस बात का भी ध्यान रखना था। इनफ्लुएंसर का अर्थ होता है प्रेरणा देने वाला। अब आप ही देखें कि युवा पीढ़ी क्या और कैसे प्रेरित हो रही है। कॉमेडी के नाम पर अश्लीलता, भद्दी गालियां और कूल दिखने का जो चलन चल रहा है, वह युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत घातक है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता, आपत्तिजनक सामग्री, नस्लवादी टिप्पणी लगातार बढ़ती जा रही है। वर्तमान में विवाद से ही चीजें बिक रही हैं। सोशल मीडिया पर जब भी इस तरह का कोई वीडियो वायरल होता है उसको लाखों व्यूज मिलते हैं और इन व्यूज से इन यूट्यूबर्स को मुनाफा मिलता है। ऐसे में इस तरह की हल्की, अश्लील सामग्री या इस तरह के कंटेंट की भरमार है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में जिम्मेदारी भी बहुत आवश्यक है। अब लोग सिर्फ अभिव्यक्ति की इस आजादी का फायदा उठाकर सोशल मीडिया पर कुछ भी डाल रहे हैं। जब भी कुछ विवाद होता है तो यही कहा जाता है कि अभिव्यक्ति की आजादी सभी को है। इस पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। इस प्रकरण में इस बात को साबित कर दिया है कि वर्तमान में इंटरनेट मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म को विनियमित करने के लिए कानून बनाने की आवश्यकता है। सिर्फ माफी देकर या एक बार गलती हो गई कह छोड़ देने से, या कॉमेडी के नाम पर कुछ भी अभद्र कह आप बच नहीं सकते। हमें सोशल मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म को नियमों के दायरे में लेने के लिए बात करनी होगी ताकि भविष्य में इस तरह की कॉमेडी के नाम पर अमर्यादित टिप्पणियां करने का लोग साहस न करें, जो देश की सामाजिक व्यवस्था और नैतिक मूल्यों के अनुरूप न हो।

*(लेखिका आईजीएनटी विवि अमरकंटक में शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
**दर्शन**

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।


## गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा



संकलित
**प्रेरणा**

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत और अमरीका की यारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमरीका के दौरे से वापस आ गए। दोनों देश दुनिया की बड़ी ताकतें हैं। इन पर दुनिया की निगाहें टिकी रहती हैं और उम्मीद होती है कि दोनों की दोस्ती नया रंग लाएगी, जो सारी दुनिया के लिए लाभदायक होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शायद ऐसे पहले प्रधानमंत्री होंगे, जिन्होंने अपने कार्यकाल में सबसे ज्यादा विदेश यात्राएं की होंगी। इस बात में कोई दोराय भी नहीं है कि मोदी ने विदेशों में भारत की नई पहचान बनाई है। आज दुनिया की सबसे बड़ी दो मुख्य समस्याएं हैं आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन। इन दोनों समस्याओं के समाधान के लिए अमरीका, भारत के साथ खड़ा नहीं दिखता। आतंकवाद के प्रति उसने दोगली नीति अपनाई है। दूसरे, कुछ समय पहले ट्रंप ने पेरिस समझौते से भागने की कोशिश की।

*– संजय गुप्ता, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# संयुक्त राष्ट्र के लिए हिंदी अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा

संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि 60 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली हिंदी इस वैश्विक संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने बृहस्पतिवार को अपने परिसर में 'बहुभाषावाद और विदेशों में हिंदी का प्रचार' थीम पर आधारित विश्व हिंदी दिवस मनाया। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि भारत का समाज बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक ताने-बाने से बना है। वह इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल हुई थीं। 'मिशन' द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ठाकुर ने बताया कि हिंदी को अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए कई पहल की जा रही हैं और संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसकी महत्ता को स्वीकार किए जाने से यह एक वैश्विक भाषा बनेगी। संयुक्त राष्ट्र में 'ग्लोबल कम्युनिकेशंस' की अवर महासचिव मेलिसा फ्लेमिंग ने कहा कि हिंदी 60 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाती है और यह संयुक्त राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने बताया कि हिंदी को अब संयुक्त राष्ट्र की अनौपचारिक भाषाओं की सूची में जोड़ा गया है।



## ऑफ बीट

# क्या अवसाद रोधी दवाएं छोड़ना ज्यादा मुश्किल

एसएसआरआई दवाओं को छोड़ना वाकई मुश्किल हो सकता है। इनके सेवन से कुछ लोग "एसएसआरआई का सेवन रोकने के सिंड्रोम" से पीड़ित हो जाते हैं। इस सिंड्रोम से पीड़ित लोगों में चक्कर आने, जी मिचलाने, सिरदर्द और थकान समेत फ्लू-जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। ज्यादातर मामलों में, लक्षण हल्के होते हैं और कुछ समय में खत्म हो जाते हैं। अवसाद रोधी दवाओं से छुटकारा पाने का प्रयास कर रहे लोग, जो इस प्रकार के लक्षण अनुभव करते हैं, कभी-कभी यह मान लेते हैं कि उनका अवसाद पुन: लौट आया है, और वे पुन: अवसाद रोधी गोलियों का सेवन शुरू कर देते हैं। लोग अवसाद की वापसी और एसएसआरआई का सेवन रोकने के बीच अंतर नहीं कर पाते। इसके कारण लोग अवसाद रोधी दवा लेना जारी रख सकते हैं, भले ही उन्हें इसकी आवश्यकता न हो। अवसाद रोधी दवाओं में 'पैरोक्सेटीन' और 'फ्लूवोक्सामाइन' शामिल हैं, जो लगभग सात प्रतिशत लोगों में दवाएं न छोड़ने के सिंड्रोम का कारण बनती हैं। लंबे समय तक चलने वालीं अवसाद रोधी दवाओं 'सेर्ट्रालाइन' और 'फ्लूओक्सेटीन' की वजह से केवल दो प्रतिशत लोग सिंड्रोम से पीड़ित होते हैं।



## ट्रेंड

### संघर्ष जारी रहेगा

कांशीराम की शिष्या व उत्तराधिकारी होने के नाते उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मैं भी अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर संघर्ष जारी रखूंगी ताकि बहुजन समाज के लोग राजनीतिक गुलामी व सामाजिक लाचारी के जीवन से मुक्त होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### श्रद्धालुओं की मौत दुःखद

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत बेहद दुखद एवं पीड़ादायक है। हादसे में जिन परिवारों ने अपनों को खोया उन सभी के प्रति मेरी संवेदनाएँ हैं।

-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### ड्रोन से युद्ध में क्रांति

ड्रोन ने युद्ध के मैदान में अभूतपूर्व तरीके से युद्धाभ्यास और संचार के लिए बैटरी, मोटर और प्रकाशिकी के संयोजन से युद्ध में क्रांति ला दी है। ड्रोन केवल तकनीक नहीं हैं, ये मजबूत औद्योगिक प्रणाली द्वारा उत्पादित निचले स्तर के नवाचार हैं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### शवों को ससम्मान पहुंचाएं

दिल्ली में महाकुंभ के श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हृदयविदारक है। सरकार मृतकों के शवों को ससम्मान उनके परिजनों तक पहुंचाने का इंतज़ाम और घायलों को सर्वश्रेष्ठ उपचार उपलब्ध कराए।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

16- FEB- COR- MAIN- Pg- 7 VAYPAR_Layout 1 2/16/2025 9:34 PM Page 1



# छोटे शहरों की आईटी प्रतिभाओं को निखारने निवेश की जरूरत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दफ्तर से दूर यानी घर से या किसी अन्य स्थान पर बैठकर काम करने की प्रवृत्ति (रिमोट वर्क) से दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पेशेवरों के लिए अवसर बढ़ रहे हैं।

- कौशल विकास के लिए उत्कृष्ट केंद्र स्थापित करने का स्वागत

विशेषज्ञों का कहना है कि इस स्थितियों में डिजिटल ढांचे में निवेश बढ़ाने तथा प्रतिभाओं का कौशल बढ़ाने की जरूरत है, ताकि वे वैश्विक परियोजनाओं में काम करने के काबिल बन सकें। विशेषज्ञों ने कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के सरकार के कदम की भी सराहना की है, जो युवाओं की क्षमताओं को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों की मांग के साथ जोड़ने के लिए एक रणनीतिक कदम है।

## विशेषज्ञों का कहना, डिजिटल ढांचे में निवेश बढ़ाना होगा

### दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहरों में अवसर बढ़ रहे

महिंद्रा के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) अतुल सोनेजा ने कहा, 'रिमोट यानी दफ्तर से दूर बैठक काम करने की प्रवृत्ति से दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में आईटी पेशेवरों के लिए अवसर बढ़े हैं। इस तरह के बदलाव से आय की क्षमता बढ़ी है और यह समावेशी वृद्धि को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है।'



*छोटे शहरों में होगा प्रतिभाओं का दोहन : ज्ञानी.एआई के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गणेश गोपालन ने कहा कि छोटे शहरों में प्रतिभाओं का पूरा दोहन करने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे, भरोसेमंद इंटरनेट और कौशल विकास कार्यक्रमों में निवेश महत्वपूर्ण है।*

### आईटी क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी

गोपालन ने कहा कि कार्य नीतियों, साइबर सुरक्षा ढांचे और उद्योग सहयोग को मजबूत करने से छोटे शहरों के पेशेवरों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और भारत के आईटी क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। 'स्किल्सकैपिटल' के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) पवन गुप्ता ने कहा कि उनकी कंपनी अप्रैल, 2024 में पेश किए गए एआई आधारित प्रतिभा क्लाउड मंच के माध्यम से पेशेवरों को अंतरराष्ट्रीय अवसरों से जोड़ रही है।

### भारत को स्किल्सकैपिटल के रूप में स्थापित करना

गुप्ता ने कहा, ''हमारा लक्ष्य न केवल एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर और तकनीकी प्रतिभाओं की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करना है, बल्कि भारत के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों को वैश्विक तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभारना भी है। गुप्ता ने कहा कि दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में पेशेवरों को सशक्त बनाकर हम समावेशी विकास को बढ़ावा दे रहे हैं और भारत को दुनिया की 'स्किल्सकैपिटल' के रूप में स्थापित कर रहे हैं।'

## खबर संक्षेप

### टीटागढ़ रेल को अदाणी सीमेंट से मिला ऑर्डर




**कोलकाता।** टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल), को अदाणी सीमेंट की अनुषंगी कंपनियों अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड और एसीसी लिमिटेड से विशेष मालवाहक डिब्बों के विनिर्माण और आपूर्ति के लिए 537.11 करोड़ रुपये का अनुबंध मिला है। कंपनी के व्यापारिक कामों में आसानी हो सके।

### बीते सप्ताह अधिकांश तेल तिलहन की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** विदेशों में खाद्य तेलों के दाम बढ़ने तथा देश में आयात शुल्क मूल्य को पुनर्निर्धारित किये जाने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम मजबूती के साथ बंद हुए। निर्यात में सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) का दाम कम मिलने के बीच सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखने को मिली।

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस को सबसे ज्यादा हुआ नुकसान

Reliance

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार आठवें कारोबारी सत्र में गिरावट का सिलसिला जारी रहा।

### चीन के संयंत्र से अरबिंदो फार्मा की यूरोप को दवा आपूर्ति




**नई दिल्ली।** अरबिंदो फार्मा के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) संथानम सुब्रमण्यन ने कहा है कि कंपनी अपने चीन के संयंत्र से यूरोप के बाजारों में अप्रैल में आपूर्ति शुरू कर देगी। हैदराबाद की दवा कंपनी ने नवंबर, 2024 के अंतिम सप्ताह में इस संयंत्र का परिचालन शुरू किया है। फिलहाल कंपनी वहां अपना उत्पादन बढ़ाने की प्रक्रिया में है।

### टेक्समैको का अमेरिकी कंपनी के साथ समझौता

Texmaco Rail & Engineering Ltd.

**कोलकाता।** टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसने रोलिंग स्टॉक यानी पूरी ट्रेन के विनिर्माण और प्रौद्योगिकी एकीकरण में सहयोग बढ़ाने के लिए अमेरिका स्थित ट्रिनिटी रेल ग्रुप एलएलसी के साथ वैश्विक आपूर्ति और सेवा समझौता किया है। रोलिंग स्टॉक घटकों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में काम करेगा।

### भारत ने बॉर्बन व्हिस्की पर सीमा शुल्क घटाई



**नई दिल्ली।** भारत ने बॉर्बन व्हिस्की पर आयात शुल्क घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। अमेरिका के साथ व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की योजना की घोषणा के बीच यह कदम उठाया गया है। बॉर्बन व्हिस्की पर सीमा शुल्क में कटौती की अधिसूचना 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ वार्ता से ठीक पहले की गई थी। हालांकि, अन्य शराबों के आयात पर मूल सीमा शुल्क में कोई कमी नहीं की गई है।

## भारत टेक्स 2025 में प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा

# उत्पादकता बढ़ाने पांच वर्षीय कपास मिशन की घोषणा, 500 करोड़ रुपए आवंटित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कपड़ा क्षेत्र 2030 की समयसीमा से पहले नौ लाख करोड़ रुपये के वार्षिक निर्यात लक्ष्य को हासिल कर लेगा। यह बात इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि आम बजट 2025-26 में कपास की, खासकर अतिरिक्त लंबे रेशे वाली किस्मों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए पांच वर्षीय कपास मिशन की घोषणा की गई है। राष्ट्रीय कपास प्रौद्योगिकी मिशन के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए।*

मोदी ने 'भारत टेक्स 2025' में कहा, 'हम वर्तमान में दुनिया में वस्त्र और परिधान के छठे सबसे बड़े निर्यातक हैं। कपड़ा निर्यात लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का है। हमारा लक्ष्य इस आंकड़े को तीन गुना करते हुए नौ लाख करोड़ रुपये का निर्यात हासिल करना है।'

उन्होंने कहा, 'इस सफलता का श्रेय पिछले दशक में की गई कड़ी मेहनत और लगातार लागू की गई नीतियों को जाता है, जिनके कारण कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हो गया है।'

### 2030 से पहले लक्ष्य हासिल कर लेंगे : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "जिस तरह से काम हो रहा है, मुझे लगता है कि हम 2030 की समयसीमा से पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। यह क्षेत्र प्रमुख रोजगार सृजनकर्ता है तथा विनिर्माण क्षेत्र में इसका योगदान 11 प्रतिशत है।केंद्रीय बजट में 2025-26 के लिए कपड़ा मंत्रालय के मद में 5,272 करोड़ रुपये (बजट अनुमान में) के परिव्यय का प्रावधान किया गया है।

### बजट 19 प्रतिशत से अधिक

यह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 4,417.03 करोड़ रुपये के बजट अनुमान से 19 प्रतिशत अधिक है। नयी दिल्ली में 14-17 फरवरी तक आयोजित होने वाला 'भारत टेक्स' कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा आयोजन है। इसमें दो स्थानों पर आयोजित एक विशाल प्रदर्शनी शामिल है, जिसमें सम्पूर्ण कपड़ा परिवेश का प्रदर्शन किया जाएगा।

**2030 से पहले सालाना नौ लाख करोड़ रुपए कपड़ा निर्यात की उम्मीद**

**भारत वर्तमान में दुनिया में वस्त्र और परिधान के छठे सबसे बड़े निर्यातक**

**अतिरिक्त लंबे रेशे वाली कपास की किस्मों की उत्पादकता बढ़ाई जाएगी**



*120 देशों से अधिक देश भाग ले रहे : मोदी ने कहा कि 'भारत टेक्स' एक बड़ा वैश्विक आयोजन बन रहा है, जिसमें 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत उच्च गुणवत्ता वाले कार्बन फाइबर के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है।*

### बैंकिंग क्षेत्र, कपड़ा क्षेत्र को करे सहायता

प्रधानमंत्री ने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा क्षेत्र को सहायता प्रदान करने का भी आग्रह किया क्योंकि एक इकाई को केवल 75 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होती है और 2,000 लोगों को रोजगार मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत के कपड़ा और परिधान निर्यात में पिछले वर्ष सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### ध्यान तकनीकी कपड़ा क्षेत्र पर

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश कपड़ा क्षेत्र के लिए कुशल प्रतिभाओं का एक समूह तैयार करने पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, "हमारा ध्यान तकनीकी कपड़ा क्षेत्र पर है। भारत इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। प्रधानमंत्री ने कपड़ा क्षेत्र के लिए अपने '5एफ दृष्टिकोण' को रेखांकित किया, जिसमें 'खेत (फार्म) से फाइबर; फाइबर से फैक्ट्री; फैक्ट्री से फैशन; फैशन से विदेशी (फॉरेन)' शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह दृष्टिकोण किसानों, बुनकरों, डिजायनरों और व्यापारियों के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है। मोदी ने कपड़ा उद्योग से नए उपकरण विकसित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग करने का भी आह्वान किया।

# जापानी कंपनियां की 'चीन प्लस वन' रणनीति के तहत भारत पर नजर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- महामारी के बाद जापानी कंपनियां भारत को आधार के रूप में देख रही
- रणनीति में वैकल्पिक देशों में उत्पादन सुविधाएं स्थापित करना शामिल

कोविड-19 महामारी के बाद जापानी कंपनियां भारत को अपने एक आधार के रूप में देख रही हैं, क्योंकि वे चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अपने विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए 'चीन प्लस वन' रणनीति अपना रही हैं। वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट के विशेषज्ञों ने यह कहा है। इस रणनीति में वैकल्पिक देशों में उत्पादन सुविधाएं स्थापित करना शामिल है, जिसमें भारत एक महत्वपूर्ण लाभार्थी के रूप में उभर रहा है। डेलॉयट जापान के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) केनिची किमुरा ने कहा, "कोविड के बाद, जापानी कंपनियां 'चीन-प्लस' आपूर्ति श्रृंखला रणनीतियों की सक्रियता से खोज कर रही हैं, जिसमें भारत एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है। जहां कुछ कंपनियां जापान लौट गईं, वहीं अन्य भारत को न केवल एक विनिर्माण केंद्र के रूप में देख रही हैं, बल्कि इसे पश्चिम एशिया और अफ्रीका जैसे उच्च-वृद्धि वाले बाजारों के प्रवेश द्वार के रूप में भी देख रही हैं।"

### भारत लाएगा आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाएगा

डेलॉयट दक्षिण एशिया के सीईओ रोमल शेट्टी ने कहा कि 'चीन प्लस वन' रणनीति ने जापानी कंपनियों को भारत में संभावनाएं तलाशने और निवेश करने के लिए प्रेरित किया है, जिसका उद्देश्य अपनी आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाना और देश की आर्थिक क्षमता का लाभ उठाना है।

# हीरो मोटोकॉर्प का राजस्व में 10 फीसदी से अधिक वृद्धि का लक्ष्य

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- कंपनी राजस्व में दो अंकीय वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रही
- दिसंबर तिमाही में कंपनी का राजस्व 10,260 करोड़ रुपए रहा

देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प नए उत्पाद और खंडों में सतत निवेश के जरिये अगले वित्त वर्ष में अपने राजस्व में दो अंकीय वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) विवेक आनंद ने यह बात कही है।

दिसंबर तिमाही में कंपनी का राजस्व 10,260 करोड़ रुपये रहा है। चालू वित्त वर्ष में भी कंपनी को अपने राजस्व में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की उम्मीद है। विश्लेषकों से बातचीत में आनंद ने कहा, ''इस साल हमने राजस्व में दो अंकीय वृद्धि का अनुमान लगाया है। पहले नौ माह के प्रदर्शन और इस तिमाही (चौथी) की शुरुआत को देखते हुए हमारा मानना है कि अगले साल भी ऐसा ही होगा। हम राजस्व में दो अंकीय यानी 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करेंगे। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 37,789 करोड़ रुपये रही थी, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 34,158 करोड़ रुपये थी। कारोबारी परिदृश्य के बारे में उन्होंने कहा कि कंपनी नए उत्पादों और खंडों पर अपना निवेश जारी रखेगी।

आनंद ने कहा, ''हम प्रीमियम और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पोर्टफोलियो में निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अलावा हम डिजिटल और प्रौद्योगिकी में निवेश के जरिये हीरो 2.0 और प्रीमिया तथा ऑनलाइन माध्यम से ग्राहक सेवाओं में सुधार करेंगे।''

### ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बढ़ रही मांग

आनंद ने कहा, ''ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मांग में निरंतरता और सुधार के साथ 125 सीसी पोर्टफोलियो में वृद्धि, नए उत्पादों की पेशकश और पावर ब्रांड में निवेश के जरिये हम उद्योग से अधिक वृद्धि हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं।''

# जयपुर में बीते साल घरों की बिक्री पांच फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** जयपुर में 2024 में घरों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 10,695 इकाई हो गई, लेकिन मूल्य के लिहाज से यह 39 प्रतिशत बढ़कर 8,388 करोड़ रुपये हो गई। रियल एस्टेट आंकड़ा विश्लेषक कंपनी प्रॉपइक्विटी ने यह जानकारी दी। प्रॉपइक्विटी के अनुसार, 2023 में राजस्थान की राजधानी में घरों की बिक्री 10,187 इकाई रही थी, जिसका मूल्य 6,019 करोड़ रुपये था। प्रॉपइक्विटी के संस्थापक समीर जसूजा ने बिक्री मूल्य में वृद्धि का श्रेय रियल एस्टेट परियोजनाओं की बढ़ती लागत को दिया, क्योंकि भूमि, श्रम और निर्माण सामग्री की कीमतों में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, डेवलपर्स अधिक प्रीमियम और लक्जरी आवास परियोजनाएं शुरू कर रहे हैं, जिससे बिक्री मूल्य में वृद्धि हो रही है।

# नाबार्ड ने ओडिशा की ऋण क्षमता 2,52,000 करोड़ रुपए आंकी

- 2025-26 के लिए अनुमान लगाया गया
- ऋण परियोजना पिछले वित्त वर्ष से 20 फीसदी ज्यादा

एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ओडिशा की ऋण क्षमता 2,52,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है। यह अनुमान शनिवार को यहां एक सेमिनार के दौरान जारी बैंक के 'स्टेट फोकस पेपर' में लगाया गया। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ऋण परियोजना (2,51,952 करोड़ रुपये) पिछले वित्त वर्ष के 2,10,140 करोड़ रुपये से लगभग 20 प्रतिशत अधिक है। सेमिनार का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने राज्य के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए बैंक ऋण बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इस प्रयास का समर्थन कर रही है।

NABARD

*पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर बल*
*उपमुख्यमंत्री ने सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बैंकरों से कृषि वृद्धि को गति देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए मूल्य श्रृंखलाओं और नवीन एवं नए युग की परियोजनाओं को वित्तपोषित करने का भी आग्रह किया।*

## कम पैदावार से कपास उत्पादन पर पड़ेगा असर ...



**मुंबई।** कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) ने कहा कि गुजरात और उत्तरी क्षेत्र में कम पैदावार के कारण चालू सत्र (2024-25) में कुल कपास उत्पादन घटकर 301.75 लाख गांठ रहने का अनुमान है। सीएआई के आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 के पूर्ववर्ती सत्र के दौरान कपास का उत्पादन 327.45 लाख गांठ था। सीएआई के अध्यक्ष अतुल गनात्रा ने कहा, 'कम पैदावार के कारण कुल उत्पादन पर असर पड़ने के आसार हैं। हमारे अनुमान गुजरात, पंजाब और हरियाणा में कपास की कम पैदावार की रिपोर्ट पर आधारित हैं। हालांकि, कपास की गुणवत्ता बहुत अच्छी रहेगी।' इस बीच, जनवरी 2025 के अंत तक कुल कपास आपूर्ति 234.26 लाख गांठ रहने का अनुमान है। इसमें 188.07 लाख गांठ की ताजा पेराई, 16 लाख गांठ का आयात और सत्र की शुरुआत में 30.19 लाख गांठ का शुरुआती भंडार शामिल है।

# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- पिछले सप्ताह बाजार की धारणा रही प्रभावित
- कंपनियों के तिमाही नतीजों का हुआ सीजन समाप्त

कंपनियों का तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने के बाद इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी।

विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी कोषों की लगातार निकासी, कंपनियो के उम्मीद से कमजोर तिमाही नतीजों और वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध की आशंका से पिछले सप्ताह शेयर बाजारों की धारणा प्रभावित हुई। शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी लगातार आठवें कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''तीसरी तिमाही के नतीजों का सीजन समाप्त होने के साथ अब बाजार की निगाह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों की वजह से पैदा हुए हालात और वैश्विक घटनाक्रमों पर रहेगी।''

धारणा को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने के साथ अब बाजार की निगाह आगे के संकेतों के लिए एफपीआई के प्रवाह और मुद्रा के उतार-चढ़ाव पर रहेगी।

## वैश्विक आर्थिक चिंताओं के बीच गोल्ड खरीदने की होड़

# चीन चबा जाएगा पूरी दुनिया का सोना... अंधाधुंध गोल्ड की खरीदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक आर्थिक चिंताओं के बीच दुनिया भर में सोना खरीदने की होड़ मची हुई है। यहां तक कि भारत का पड़ोसी देश चीन जो सोने के उत्पादन में दुनिया का नंबर वन देश है, वह भी जमकर सोना खरीद रहा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में चीन ने दुनिया भर के देशों की तुलना में सबसे ज्यादा 378.2 टन सोने का उत्पादन किया था।

- चीन ने सबसे ज्यादा 378 .2 टन सोने का किया उत्पादन

जब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता होती है, निवेशक सोने की ओर रुख करते हैं। चीन की जनता भी इस ट्रेंड को फॉलो कर रही है और भारी मात्रा में सोने की खरीदारी कर रही है। दरअसल, चीन में पारंपरिक निवेश विकल्पों जैसे रियल एस्टेट और स्टॉक मार्केट में गिरावट आई है, जिससे निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है। ऐसे में लोगों ने सोने को एक सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में देखना शुरू कर दिया है। इसके अलावा, चीन का केंद्रीय बैंक भी लगातार अपने गोल्ड रिजर्व को बढ़ा रहा है और अमेरिकी कर्ज से दूरी बना रहा है।

### क्या सोने की कीमतें और बढ़ेंगी?

चीन के आम निवेशक और सरकार दोनों ही सोने में निवेश कर रहे हैं, जिससे सोने की कीमतें लगातार ऊंची बनी हुई हैं। विश्लेषकों का मानना है कि अगर चीन इसी रफ्तार से सोना खरीदता रहा, तो इसकी कीमतें और ज्यादा बढ़ सकती हैं। साथ ही यह संकेत भी मिल रहे हैं कि चीन भविष्य में सोने को डॉलर के विकल्प के रूप में इस्तेमाल करने की तैयारी कर रहा है। अगर ऐसा हुआ, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था में सोने का महत्व और बढ़ जाएगा, और डॉलर की स्थिति कमजोर हो सकती है।



### चीन की सोची समझी रणनीति

इससे स्पष्ट है कि चीन की सोने की खरीदारी सिर्फ निवेश नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। आर्थिक अनिश्चितताओं, अमेरिकी डॉलर पर घटती निर्भरता और निवेशकों की बढ़ती रुचि के चलते चीन में सोने की मांग तेज हो गई है। इसका असर न सिर्फ चीन, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

### चीन घटा रहा अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता

चीन लंबे समय से अपने रिजर्व फंड्स को डाइवर्सिफाई कर रहा है और अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहा है। पिछले एक दशक से चीन ने अमेरिकी ट्रेजरी बांड्स में अपने निवेश को कम किया है।

### फ्रोजन बत्तख मांस के आयात के लिए दिशानिर्देश जारी



**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में 'प्रीमियम फ्रोजन'' बत्तख (डक) मांस के आयात लाइसेंस प्राप्त करने के लिए दिशानिर्देश तैयार किए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय के नोटिस के अनुसार, आयातक निदेशालय से इस संबंध में मंजूरी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें कहा गया, ऐसे आयातकों को हलफनामा देना होगा कि आयातित उत्पाद तीन-सितारा और उससे अधिक रेटिंग वाले होटलों के लिए है, जैसा कि पर्यटन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया है। वे संभावित पात्र प्रतिष्ठान भी उपलब्ध कराएंगे। मंत्रालय ने तीन-सितारा और उससे अधिक रेटिंग वाले होटलों को इस मांस के सीधे आयात के लिए बिना किसी मंजूरी के अनुमति दी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पंचायत चुनाव में...

की मांग के अनुसार बकरा भात और चिकन पार्टी के लिए जमकर नोट बांट रहे हैं। हरेक ग्रामीण के पास मोबाइल होने तथा विरोधी प्रत्याशी और उनके समर्थकों की नजर से बचने के लिए अब शराब, साड़ी, टावेल, धोती और बर्तन न बांटकर सीधे संख्या के हिसाब से नोट बांटना शुरू हो गया है। यहां तक की युवाओं के द्वारा क्रिकेट किट और माइक सेट के लिए भी नकद नारायण देकर सबको खुश किया जा रहा है। विवाद से बचने के लिए प्रत्याशी ऑनलाइन पेमेंट कर रहे हैं। **स्टील प्लांट क्षेत्र में एक अनार सौ बीमार की स्थिति**-एनएमडीसी का नगरनार में स्टील प्लांट की स्थापना होने के बाद से इस इलाके के 13 ग्राम पंचायतों में नोटों की बारिश होने जैसी स्थिति बन गई है। इसलिए यहां एक अनार सौ बीमार जैसी स्थिति है। पंचायत के 4 पद के लिए हरेक इलाके से दर्जनों प्रत्याशी मैदान में है। गली-गली में प्रचार वाहन दौड़ रहे हैं। इस बीच ग्रामीण मस्ती में हैं क्योंकि 4 पद के दर्जनभर से अधिक दावेदार घर पहुंचकर हाथ जोड़कर गुहार लगा रहे हैं। इतनी अधिक संख्या में प्रत्याशियों के आने से समाजों के प्रमुखों का भाव भी बढ़ गया है। सभी प्रत्याशी उसकी हैसियत के हिसाब से देने के लिए तैयार है। माड़पाल की अब तक सरपंच रही मंदना नाग के शिक्षक पति ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि इस चुनाव में पत्नी नहीं लड़ रही है।। पहले पंचायत को सीएसआर का 20 लाख प्रतिवर्ष यानि 5 साल में 1 करोड़ मिलता था, जो बंद कर दिया गया है। अभी केवल स्लरी पाइप लाइन का एक बार 20 लाख मिल रहा है। इसलिए इस क्षेत्र के पंचायतों में प्रतिनिधि बनने की होड़ लगी है।

### पार्षदों में भी...

है। सभी निकायों में भाजपा के मेयर के साथ सभापति भी उनके होंगे। राज्य बनने के बाद पहला मौका होगा कि सभी 10 नगर निगम में भाजपा के पार्षद ही मेयर-इन-काउंसिल का संचालन करते नजर आएंगे। कांग्रेस किसी भी नगर निगम में 25 प्रतिशत से अधिक पार्षद चुनकर नहीं आएं हैं।

### कांग्रेस के इतने...

नगर निगम जहां पर 40 वार्ड हैं। दोनों जगहों पर वहां भाजपा के 27 पार्षदों ने जीत दर्ज की है। जगदलपुर, अंबिकापुर और रायगढ़ जहां पर 48 वार्ड हैं, यहां पर जगदलपुर में 30, अंबिकापुर में 31 और रायगढ़ में 33 भाजपा पार्षद चुने गए हैं। कोरबा में 67 वार्ड के चुनाव में 31 भाजपा पार्षद चुने गए हैं।

### एक ही बस्ती के...

एंबुलेंस के माध्यम से सभी मृतकों का शव कोरबा के लिए रवाना किया गया जहां देर रात को एंबुलेंस कोरबा पहुंची जहां सभी मृतकों के शव को स्थानीय मर्च्युरी में रखा गया था। ईश्वर जायसवाल व भागीरथी जायसवाल के शव को उनके गृहग्राम लोरमी भेजा गया। अजय बंजारे का शव पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के ग्राम खरौद भेजा गया जबकि एक ग्रामीण का शव उसके गृहग्राम भेजा गया है।

### फार्म में है शिखर...

प्रेमियों को रोमांचित किया है। गुप्टिल मार्टिन ने लीग मैच में तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है। उन्होंने सिर्फ 49 गेंदों में 160 रन की ऐतिहासिक पारी खेली है। इस पारी में उन्होंने 16 छक्के और 12 चौके लगाए थे, जो उनकी जबरदस्त फॉर्म और आक्रामक खेल को साबित करता है। वहीं, शिखर धवन रिटायरमेंट के बाद भी अपने पुराने फार्म में हैं। धवन की बल्लेबाजी छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। उनकी तकनीक और अनुभव फाइनल में टीम दिल्ली के लिए अहम साबित हो सकते हैं। इसलिए, फाइनल में इन दोनों खिलाड़ी की टक्कर पर सभी की नजरें रहेंगी, क्योंकि दोनों की बल्लेबाजी से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

### दो ट्रेनों का एक...

हुई, जिसके कारण भगदड़ मची।

### मतदान दल को...

भवन में मतदान नहीं करने की बात पर अड़े रहे। अनुविभागीय अधिकारी रामकुमार सोनकर व रिटर्निंग अधिकारी देवेंद्र नेताम सहित पुलिस के आला अधिकारियों की पूरी टीम मौके में पहुंच कर समझाइश के बाद भी ग्रामीणों अपनी बातों पर अड़े रहे और चुनाव बहिष्कार की बातें कहीं। अधिकारियों द्वारा चुनाव आयोग के उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद मतदान केंद्र को धोतीमटोला से बदल कर दारूटोला कर दिया है। निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र नेताम ने बताया कि दारूटोला के कक्ष क्रमांक 2 में बूथ 67 के 371 मतदाताओं का मतदान होगा। नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा ने बताया कि गांव की स्थिति सामान्य है बल मौके पर सुरक्षा व्यवस्था में लगी है।

### बैंक से उठा...

थाने में रखता है, जबकि सीबीएसई इसे बैंक में रखता है। परीक्षा शुरू होने के कुछ देर पूर्व प्राचार्य अथवा परीक्षा अधिकारी इन प्रश्नपत्रों को बैंक से स्कूल लेकर आते हैं। पिछले वर्ष बैंक के लॉकर में रखे हुए प्रश्नपत्रों को विद्यालय लेकर आने के दौरान गड़बड़ी हो गई। जिस विषय की परीक्षा थी, उसके प्रश्नपत्र ना लाकर अगली परीक्षा के प्रश्नपत्र शाला प्राचार्य लेकर आ गए। बैंक प्रबंधन ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। बाद में बोर्ड ने इसे गंभीर लापरवाही की श्रेणी में रखा। जांच सहित अन्य प्रक्रियाओं के बाद अब इस वर्ष यहां वार्षिक परीक्षाएं आयोजित नहीं की जा रही हैं। मामले को देखते हुए राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के अन्य स्कूलों को भी विशेष सावधानी बरतने निर्देश दिए गए हैं।

### लोकल सिस्टम की...

अपने आब्जर्वर नियुक्त किए हैं। अधिकतर स्कूलों में दूसरे जिलों अथवा अन्य क्षेत्र के स्कूलों के प्राचार्य-उप प्राचार्य को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। निगरानी की व्यवस्था सीबीएसई ने स्थानीय प्रशासन की मदद के बगैर अपने स्तर पर की है।

### हाथ में हथकड़ियां...

में जंजीरें थीं और हाथों में हथकड़ी भी थी। पंजाब के होशियारपुर जिले के कुराला कलां गांव का मूल निवासी सिंह उन 116 अवैध भारतीय प्रवासियों में शामिल है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी सुखौना टेबलेट 20 वर्षों से प्रसिद्ध HMS देखकर खरीदें 94060-21769

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

epaper- www.haribhoomi.com

हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर युवती/ महिला (वेतन 15000) एवं 6वर्ष के बच्चों को पढ़ाने हेतु महिला टीचर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 75872 58374 **(36849)**

**आवश्यकता है**-ड्राइवर चाहिए मालवाहक ऑटो चलाने के लिये ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सोनथलिया एजेन्सीज व्यापार विहार बिलासपुर 07752-405725 **(36848)**

**आवश्यकता है**-बिलासपुर में घर की गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए (जो ऑटोमैटिक कार चलाना भी जानता हो) वेतन योग्यता अनुसार। परिवार वाले को प्राथमिकता मकान सुविधा दी जाएगी। सम्पर्क करें- 9479258223 **(36847)**

**आवश्यकता है**-वेल्डर, हेल्पर की फायर फाइटिंग प्रोजेक्ट के एमएस पाईप लाइन के कार्य हेतु वेल्डर, हेल्पर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- एमएस सर्विसेस बिलासपुर 9039524801, 9753511108 **(36843)**

**आवश्यकता है**-थोक दुकान में काम करने हेतु फुल टाईम एकाउन्टेन्ट, टेली कालर, कम्प्यूटर आपरेटर, अनुभवी सेल्समेन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7240970000 **(36842)**

**आवश्यकता है**-परसदा (सकरी) दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कंस्ट्रक्शन साईट में रह कर सिर्फ चौकीदारी काम करने हेतु चौकीदार की तत्काल आवश्यकता है वेतन 7000 प्रति माह सम्पर्क करें- 98842 61185 **(36845)**

**आवश्यकता है**-गर्ल्स हॉस्टल में कार्य हेतु अनुभवी वार्डन, साफ सफाई करने के लिए महिला एवं अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8817485860, 93023 12528, 9302312463 **(36840)**

**आवश्यकता है**-रिटेल दवाई दुकान में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें-कृष्णा स्कीन क्लीनिक सरकंडा बिलासपुर 7999677226 **(36841)**

**आवश्यकता है**-घरेलु कार्य हेतु एक लड़की/ महिला की आवश्यकता है (समय सुबह 9 से शाम 6.30 तक) सम्पर्क करें-शिव मंदिर के पास विद्या नगर बिलासपुर 96859 01101, 7000953447 **(36832)**

**आवश्यकता है**-सुरक्षागार्ड की तत्काल भर्ती बिलासपुर कोनी, सेंदरी, पुराना बस स्टैण्ड, तेलीपारा, मंदिर चौक, चकरभाठा हेतु चाहिए आवास मुफ्त वेतन 9000 से 12000 तक सम्पूर्ण बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- 9993336942, 9589316942 **(36815)**

**आवश्यकता है**-मंत्रा इलेक्ट्रीक ऑटो शोरूम में सेल्स-5 (अनुभवी) मैकेनिक -2 (अनुभवी) आवश्यकता है सम्पर्क करे- श्री मोटर्स तिफरा बिलासपुर 9039140362, 7389145700, 78988 69370 **(36828)**

**आवश्यकता है**-शिखर सेनेटरी दुकान में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों एवं मार्केटिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- परिजात कैसल के सामने रिंग रोड नं-2 बिलासपुर 9981198077, 9981152678 **(36818)**

**आवश्यकता है**-ड्राइवर-2 (डिलीवरी वाहन हेतु) लड़के-2 (डिलीवरी, स्टॉक डिलीवरी हेतु)लड़की-2 स्टॉक निकालने हेतु मार्केटिंग हेतु सेल्समैन-1 वेतन योग्यता अनुसार पता- एनटी & सन्स दीनदयाल उद्यान के पास व्यापार विहार बिलासपुर 9881122060 **(36820)**

**आवश्यकता है**-कंस्ट्रक्शन कम्पनी में मैनेजर-2 (सिविल कार्य अनुभवी) कम्प्यूटर ऑपरेटर-1, ड्राइवर-1 की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें-समय 12बजे से शाम 5बजे तक अनुमेष कंस्ट्रक्शन तोरवा बिलासपुर 9993495123 **(36822)**

**आवश्यकता है**-होलसेल रेडीमेड दुकान में काम करने हेतु अनुभवी लड़के लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 12वीं पास वेतन योग्यता अनुसार (कार्य समय सुबह 9बजे से शाम 7बजे) सम्पर्क करें- 7879889898, 79701 05174 **(36808)**

**आवश्यकता है**-जेसीबी मशीन 3DX माडल चलाने के लिये कुशल एवं जानकार आपरेटर की आवश्यकता है जिसके पास स्वयं का वाहन हो सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- जादवानी कंस्ट्रक्शन बिलासपुर 9827126666, 9827177676 **(36810)**

**आवश्यकता है**-जेसीबी मशीन आपरेटर लोकल बिलासपुर हेतु आवश्यकता है सम्पर्क करें- रविन्द्र पाटनवार बाजार चौक यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर 97533 11111 **(36816)**

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने, सामान पैक करने, लाने लेजाने हेतु डिलीवरी ब्वॉय चाहिए योग्यता 12वीं वेतन 9000-10000 पता- मातुश्री ट्रेडिंग कंपनी व्यापार विहार रोड, गुम्बर पेट्रोल पंप के सामने **(36811)**

**आवश्यकता है**-घर कार्य हेतु सभी प्रकार की गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है आधार कार्ड लाईसेन्स के साथ सम्पर्क करें-8839405065 **(36805)**

**आवश्यकता है**-युवक/ युवतियों की दुकान कार्य में करने हेतु, हेल्पर, डीटीपी कम्प्यूटर, ऑपरेटर, स्क्रीन प्रिंटर हेतु आवश्यकता है सम्पर्क करें- दीपक काड्र्स गांधी चौक के पास, बिलासपुर 9301189006 **(36829)**

**आवश्यकता है**-वॉक इन इंटरव्यू पीजीटी टीचर, टीजीटी टीचर सभी विषय कम्प्यूटर टीचर, बीएड,डीएड कम्पल्सरी प्रीप्राइमरी टीचर, हॉस्टल वॉर्डन, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, मार्केटिंग इंचार्ज, ट्रांसपोर्ट इंचार्ज, इलेक्ट्रीशियन, कुक, ड्राइवर बस, कार रिसेप्शनिस्ट, मेल/ फीमेल अनुभवी एवं प्रशिक्षित अंग्रेजी बोलचाल विशेषज्ञों को प्राथमिकता अपना रिज्यूम और अनुभव सर्वप्रथम वाट्सएप पर सैंड करें कॉल 9685536109 स्थान त्रिमूर्ती पब्लिक स्कूल सिटी ऑफिस अम्बे प्लाजा प्रथम तल एक्सीस बैंक के ऊपर नया बस स्टैण्ड के सामने तिफरा बिलासपुर **(36814)**

**आवश्यकता है**-एम्बिशन मार्केटिंग में काम करने हेतु लड़के एवं लड़कीयों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क करें- शॉप नम्बर FS-16 प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7999594790, 7806007192 **(36771)**

**आवश्यकता है**-अमसेना पेण्ड्रीडीह कोल डिपो में 5वर्ष अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर माइनिंग अनुभवी एवं 5वर्ष अनुभवी सुपरवाइजर कोल से संबंधित फील्ड का अनुभवी चाहिए। रिज्यूम व्हाट्सएप्प करें-9893111718 **(36837)**

**आवश्यकता है**-दवाई दुकान में काम करने हेतु लड़के और लड़कियां, पैकर, डिलीवरी बॉय की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जगत फार्मा, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर **(36823)**

**आवश्यकता है**-तीन लड़के रूम सर्विस एवं रेस्टोरेन्ट कार्य के लिये वेटर की आवश्यकता है रहने, खाने की व्यवस्था सम्पर्क करें- सुबह 11 से 3बजे तक राज होटल, दयालबंद, बिलासपुर 9893005346 **(36769)**

**आवश्यकता है**-साड़ी/ रेडिमेड दुकान में कार्य हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आकांक्षा जीन्स बिलासा चौक के पास, शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 98278 87934 **(36801)**

**आवश्यकता है**-बिलासपुर गोल बाजार के लॉज में वेटर झाड़ पोछा साफ सफाई करने के लिए लड़को/ कर्मचारी की आवश्यकता है वेतन 10000 भोजन आवास निशुल्क सम्पर्क करें- 9406390898, 9827940898 **(36767)**

**आवश्यकता है**-Hindustan पेन्सिल पेन के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी करके 85000-95000 कमाने की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में उपलब्ध आपको नौकरी चाहिए तो कॉल करे- Whats App 6397479854 **(14159)**

**आवश्यकता है**- कार शो रूम नया बस स्टैंड तथा बाइक शो रूम महाराणा चौक के लिए डे या नाईट कार्य करने हेतु इच्छुक गार्ड सम्पर्क करें-99816 30084 **(3298)**

**आवश्यकता है**-क्लीनिक में काम करने के लिए लड़की की आवश्यकता है। सैलरी 4000 से 5000 सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड, राजीव प्लाजा के पास बिलासपुर 7880210386 **(3291)**

**आवश्यकता है**-रियल एस्टेट कंपनी में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्स स्टाफ महिला, साइट सुपरवाइजर सिविल एवं रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- राजकिशोर नगर बजरंग चौक बिलासपुर 88390 02378 **(3297)**

**आवश्यकता है**-रेडीमेड होजयरी एवं होलसेल साड़ी दुकान मे कार्य हेतु लड़को की, वेतन 6000 से 15000 योग्यता अनुसार (समय 11 से 8) सम्पर्क करें- श्रीगणेश होजयरी LT गली करबला रोड बिलासपुर 9826118114 **(3292)**

**आवश्यकता है**-ऑटोमोटिव बैट्री व टायर सेल्स हेतु सेल्समेन लड़कों, टेलीकॉलर एकाउंटेंट (लड़की) ड्राइवर, बैट्री टेक्नीशियन, वेतन योग्यतानुसार 7000-18000+ इनसेंटिव सम्पर्क-सिंघानिया इंटरप्राइजेस श्रीराम टॉवर के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7049016518, 7974811410 **(3290)**

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर आपरेटर सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं से स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई-5.7, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited 434 चतुर्थ तल प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर रायपुर 7746000016, 77470 00019 **(3160)**

**आवश्यकता है**-आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 89378 47856, 6395268809 **(301)**

**आवश्यकता है**-सिक्युरिटी गार्ड, मार्केटिग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 14500 से 18000 सम्पर्क करें- Tango Security Pvt. Ltd. ऑरेंज हाइव, 6th फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर 8109070600, 7869230888 **(2476)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है जो बाहर रहकर कार्य करे सैलरी 10000 +कमीशन +बोनस सम्पर्क करें- मंगला चौक बिलासपुर 7879036112 **(3294)**

**आवश्यकता है**-Reliance Jio 5G कंपनी Sms Sending Calling Job करके लड़के, लड़कियां, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए 21500-48500 महीना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Name, पता Qualification, Call/ sms/ whats app करें- 8918984004 **(3262)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है टाइम 10 से 6 बजे तक योग्यता 12वीं पास पता मंदिर चौक बिलासपुर सम्पर्क करें- 8102789556 **(3293)**

**आवश्यकता है**-पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। सम्पर्क करें-8981475043, 80172 71898 **(3275)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है, उम्र 18 से 35वर्ष वेतन 5000 +कमीशन +बोनस सम्पर्क करें नेहरू नगर साईं मंदिर के पास 7805932585 **(3299)**

**आवश्यकता है**-जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए वेतन 10000+कमीशन +बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 8085888353, 89620 00161 **(303)**

## सर्विसेस

**सर्विसेस**-सलाह सर्विसेस कंसल्टेंसी ऑफिस में वर्क फ्रॉम होम, ऑफिस कार्य, फील्ड कार्य उपलब्ध है। पता- सेकेण्ड फ्लोर, लैण्ड मार्क काम्प्लेक्स, करबला रोड, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर सम्पर्क करें- 6269020001, 62690 20002 **(36836)**

## बेचना है

**बेचना है**-फ्लैट तथा स्वतंत्र मकान बेचना है शैलोम होम्स टावर पूर्ण विकसित सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास 2BHK रेडी पजेशन फ्लैट फॉल सीलिंग सहित कीमत मात्र 22लाख एवं प्राइम लोकेशन 27खोली विष्णु नगर बिलासपुर में 4BHK प्लॉट एरिया 5500 वर्गफुट कंस्ट्रक्शन एरिया 2500 वर्गफुट सर्वेन्ट रूम सहित उपलब्ध। सम्पर्क- 96446 44754, 9752020227 **(36809)**

**बेचना है**-तेलीपारा 16×88 प्लाट वृंदावन काम्प्लेक्स 3दुकान इमलीपारा डबल स्टोरी मकान नेहरू नगर 5800 प्लाट, अग्रसेन चौक डबल स्टोरी मकान मित्र विहार 17×47 तोरवा 6000 डबल स्टोरी मकान फुलफर्निश्ड सम्पर्क- 9302855022 **(36821)**

**बेचना है**-तिफरा यदुनन्दन नगर 1500 वर्गफिट प्लाट में बना 2BHK घर और दुकान 40लाख एवं सेक्टरडी में 700 रुपए वर्गफिट पर डायवर्टेड प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9826314444 **(36800)**

**बेचना है**-मंगला लोखंडी मुख्य मार्ग पर आवासीय कालोनी में डायवर्टेड प्लाट बेचना है सीसी रोड नाली बिजली पानी एवं बैंक द्वारा फाइनेंस सुविधा सम्पर्क करें- 9993864783, 97136 66001 **(36551)**

**बेचना है**-पुराना बस स्टैण्ड इमलीपारा रोड पर गोपाल मोबाइल के बाजू गली में मेन रोड ने 50मी. अन्दर 20×54= 1080 वर्गफुट से बना पूर्व मुखी मकान बेचना है सम्पर्क- 9479169958, 94790 26526 **(36831)**

**बेचना है**-रतनपुर केरा तालाब से लगा हुआ पूर्व मुखी 20 फीट रोड पर 44×55= 2420 वर्गफीट का प्लाट अति शीघ्र बेचना है खरीददार ही सम्पर्क करें- 9407912771, 88272 88033 **(36827)**

**बेचना है**-वार्ड नं.-16 कुदुदण्ड पानी टंकी के सामने गली में 1डिसमिल जमीन में बना 2मंजिला मकान नीचे 1कमरा, किचन अटेच लेटबाथ, ऊपर 1हाल लेटबाथ सर्वसुविधायुक्त कीमत 1851000 सम्पर्क 9753505350, 95222 48786 **(36846)**

**बेचना है**-कामर्शियल 35×81=2835 वर्गफुट प्लाट चारों तरफ रोड सामने 80फुट रोड यदुनन्दन नगर तिफरा एवं GST आफिस बाजू आवासीय प्लाट एवं पंधी 30, 70 डिसमिल आवासीय सम्पर्क करें- राजपाल कंस्ट्रक्शन 9300612345 **(36768)**

## किराया

**किराया**-बजरंग काम्प्लेक्स तेलीपारा में फर्स्ट फ्लोर में 300 स्क्वायर फुट की दुकान किराये पर देना है किराया मासिक 10000 रुपए। सम्पर्क करें- 9630195928 **(36817)**

**किराया**-व्यापार विहार गुम्बर पेट्रोल पम्प पीछे दर्श टॉवर में ऑफिस, बैंक, कोचिंग, क्लीनिक, पार्लर, हॉटल, रेस्टोरेन्ट, दुकान, स्टोर, व्यावसायिक कार्य हेतु भूतल 370 वर्गफिट, प्रथम, द्वितीय, तृतीय तल 530 वर्गफिट किराये से देना है सम्पर्क- 9098950356, 74892 44588 **(36824)**

**किराया**-लोकेशन बजाज पेंट मंगला चौक मिनोचा कॉलोनी गेट नं-1 के सामने, ग्राउंड फ्लोर 900 वर्गफीट, फर्स्ट फ्लोर 2000 वर्गफीट दुकान किराए से देना है सम्पर्क करें- 9827167987, 88718 87871, 7329873298 **(36835)**

**किराया**-1200 वर्गफीट हॉल मंगला चौक बैंक ऑफ इंडिया की बिल्डिंग में किराये से देना है सम्पर्क करें-9425535104, 9039968650 **(36830)**

**किराया**-दीनदयाल नगर मंगला में नवनिर्मित मकान एवं दुकान एलआईजी 754 किराए से देना है सम्पर्क करें- 94241 46418, 9691299994 **(36807)**

**किराया**-मेन रोड मसानगंज आकाश स्टोर्स के ठीक सामने 10×10 फीट की एक दुकान किराये से देना है नटराज वीडियोज के बगल में। सम्पर्क करें- 9755268998 **(6226)**

**किराया**-27×100 का एक हाल फर्स्ट फ्लोर में पार्वती राइस मिल के सामने HDFC बैंक के बगल में एवं व्यापार विहार में सांई मंगलम के सामने रोड पर 22×80 तीन मंजिला किराये से देना है डॉक्टर बैंक, ऑफिस को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9827165884, 98271 70147 **(36806)**

## व्यापार

**व्यापार**-अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000 से 50000 प्रतिमाह कमाएं आटो मेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क- APS इंटरप्राईजेस रायपुर-9111760925, 74772 21345, बिलासपुर- 83599 13999, 9589288936 रायगढ़, अंबिकापुर 78697 55871 **(3194)**

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

समाचार ही नहीं, विचार भी — 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 4.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

## खबर संक्षेप



### मुंबई इंडियंस टीम में रहमान शामिल

**मुंबई।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान को अनुबंधित करने की घोषणा की। मुजीब अपने ही देश के स्पिनर अल्लाह गजनफर की जगह लेंगे जो चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं। मुंबई इंडियन्स ने एक बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस गजनफर के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है और मुजीब का हमारे परिवार में स्वागत करता है।' मुजीब ने 300 से अधिक टी20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने लगभग 6.5 की इकोनॉमी रेट से 330 विकेट लिए हैं।

### आवागमन के लिए साइकिल चलाएं युवा

**मुंबई।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को देश के युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वस्थ रहने और बेहतर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जब भी संभव हो साइकिल का उपयोग आवागमन के विकल्प के रूप में करें।



मांडविया ने रविवार सुबह यहां 'फिट इंडिया मूवमेंट' के प्रमुख कार्यक्रम 'संडे ऑन साइकिल' की अगुआई की जिसका उद्देश्य साइकिल चलाकर स्वस्थ और तंदुरुस्त जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना और साथ ही प्रदूषण के समाधान को बढ़ावा देना भी है।

### तेज गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**दुबई।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को भरोसा है कि पाकिस्तान में हाल ही में समाप्त हुई त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले उनके देश के कम अनुभवी तेज गेंदबाज चैंपियंस ट्रॉफी में भी अपनी इस फॉर्म को बरकरार रखेंगे।



## बीसीसीआई ने की आईपीएल के 18वें सत्र के कार्यक्रम की घोषणा

# कोलकाता-बेंगलुरु के मैच से आईपीएल का आगाज, 65 दिन में खेले जाएंगे 74 मुकाबले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें 22 मार्च से 13 आयोजन स्थलों पर 74 मुकाबले खेले जाएंगे। इस दौरान तीन फ्रेंचाइजी अपने कम से कम दो घरेलू मैच अपने दूसरे निर्धारित घरेलू मैदान पर खेलेंगी। आईपीएल के 2025 सत्र की शुरुआत 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबले के साथ होगी और इसका समापन 25 मई को इसी स्थल पर होगा। प्रतियोगिता के दौरान 12 दिन दो मैच खेले जाएंगे।

टूर्नामेंट 65 दिन चलेगा जिसके मुकाबले 13 स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे जिसमें धर्मशाला, गुवाहाटी और विशाखापत्तनम में कम से कम दो-दो आईपीएल मुकाबलों का आयोजन होगा। जैसा कि पहले भी होता रहा है मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) के साथ धर्मशाला पंजाब किंग्स का दूसरा घरेलू स्थल होगा जबकि राजस्थान रॉयल्स जयपुर के अलावा गुवाहाटी में अपने घरेलू मुकाबले खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स का दूसरा घरेलू स्थल विशाखापत्तनम होगा और वे 24 मार्च को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपना लीग अभियान यहीं से शुरू करेंगे। गुवाहाटी और विशाखापत्तनम दो-दो मैच की मेजबानी करेंगे जबकि धर्मशाला में तीन मैच होंगे।



### कोलकाता में होगा प्लेऑफ

लीग चरण के बाद हैदराबाद और कोलकाता में प्लेऑफ का आयोजन किया जाएगा। हैदराबाद 20 मई और 21 मई को क्रमशः पहले क्वालीफायर और एलिमिनेटर की मेजबानी करेगा जबकि 23 मई को दूसरा क्वालीफायर कोलकाता में होगा। प्रत्येक टीम अपने समूह की अन्य सभी टीम और दूसरे समूह की एक पूर्व निर्धारित टीम के साथ दो बार खेलेगी जबकि दूसरे समूह की बाकी चार टीम के साथ एक बार खेलेगी।

### 23 मार्च को पहला डबल हेडर

सत्र में पहली बार 23 मार्च को एक दिन में दो मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें हैदराबाद में दिन के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा जबकि इसके बाद चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला होगा।






### मुंबई-चेन्नई सबसे सफल टीम

आईपीएल भारत का फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट है। यह हर साल मार्च से मई के दौरान टी-20 फॉर्मेट में खेला जाता है। इसकी शुरुआत 2008 में 8 टीमों के साथ हुई थी। राजस्थान ने चेन्नई को फाइनल हराकर पहले सीजन का टाइटल जीता था। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने सबसे ज्यादा 5-5 टाइटल जीते हैं। केकेआर 3 खिताब जीतकर तीसरी सबसे सफल टीम है।

### ग्रुपवार टीमें

ग्रुप ए : कोलकाता, बैंगलुरु, राजस्थान, चेन्नई, पंजाब
ग्रुप बी : हैदराबाद, दिल्ली, गुजरात, मुंबई, लखनऊ

### 13 वेन्यू पर 10 टीमों के मुकाबले

अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, लखनऊ, मुल्लांपुर (मोहाली), दिल्ली, जयपुर, कोलकाता, हैदराबाद 10 टीमों के होम ग्राउंड हैं। इनके अलावा गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और धर्मशाला यानी कुल 13 वेन्यू पर मैच खेले जाएंगे।

### आईपीएल : समय सारिणी

| दिनांक | मैच | समय | जगह |
|---|---|---|---|
| 22 मार्च | कोलकाता/बेंगलुरु | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 23 मार्च | हैदराबाद/राजस्थान | 3:30 बजे | हैदराबाद |
| 23 मार्च | चेन्नई/मुंबई | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 24 मार्च | दिल्ली/लखनऊ | 7:30 बजे | विशाखापत्तनम |
| 25 मार्च | गुजरात/पंजाब | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 26 मार्च | राजस्थान/कोलकाता | 7:30 बजे | गुवाहाटी |
| 27 मार्च | हैदराबाद/लखनऊ | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 28 मार्च | चेन्नई/बेंगलुरु | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 29 मार्च | गुजरात/मुंबई | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 30 मार्च | दिल्ली/हैदराबाद | 3:30 बजे | विशाखापत्तनम |
| 30 मार्च | राजस्थान/चेन्नई | 7:30 बजे | गुवाहाटी |
| 31 मार्च | मुंबई/कोलकाता | 7:30 बजे | मुंबई |
| 1 अप्रैल | लखनऊ/पंजाब | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 2 अप्रैल | बेंगलुरु/गुजरात | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 3 अप्रैल | कोलकाता/हैदराबाद | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 4 अप्रैल | लखनऊ/मुंबई | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 5 अप्रैल | चेन्नई/दिल्ली | 3:30 बजे | चेन्नई |
| 5 अप्रैल | पंजाब/राजस्थान | 7:30 बजे | चंडीगढ़ |
| 6 अप्रैल | कोलकाता/लखनऊ | 3:30 बजे | कोलकाता |
| 6 अप्रैल | हैदराबाद/गुजरात | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 7 अप्रैल | मुंबई/बेंगलुरु | 7:30 बजे | मुंबई |
| 8 अप्रैल | पंजाब/चेन्नई | 7:30 बजे | चंडीगढ़ |
| 9 अप्रैल | गुजरात/राजस्थान | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 10 अप्रैल | बेंगलुरु/दिल्ली | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 11 अप्रैल | चेन्नई/कोलकाता | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 12 अप्रैल | लखनऊ/गुजरात | 3:30 बजे | लखनऊ |
| 12 अप्रैल | हैदराबाद/पंजाब | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 13 अप्रैल | राजस्थान/बेंगलुरु | 3:30 बजे | जयपुर |
| 13 अप्रैल | दिल्ली/मुंबई | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 14 अप्रैल | लखनऊ/चेन्नई | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 15 अप्रैल | पंजाब/कोलकाता | 7:30 बजे | चंडीगढ़ |
| 16 अप्रैल | दिल्ली/राजस्थान | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 17 अप्रैल | मुंबई/हैदराबाद | 7:30 बजे | मुंबई |
| 18 अप्रैल | बेंगलुरु/पंजाब | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 19 अप्रैल | गुजरात/दिल्ली | 3:30 बजे | अहमदाबाद |
| 19 अप्रैल | राजस्थान/लखनऊ | 7:30 बजे | जयपुर |
| 20 अप्रैल | पंजाब/बेंगलुरु | 3:30 बजे | चंडीगढ़ |
| 20 अप्रैल | मुंबई/चेन्नई | 7:30 बजे | मुंबई |
| 21 अप्रैल | कोलकाता/गुजरात | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 22 अप्रैल | लखनऊ/दिल्ली | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 23 अप्रैल | हैदराबाद/मुंबई | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 24 अप्रैल | बेंगलुरु/राजस्थान | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 25 अप्रैल | चेन्नई/हैदराबाद | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 26 अप्रैल | कोलकाता/पंजाब | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 27 अप्रैल | मुंबई/लखनऊ | 3:30 बजे | मुंबई |
| 27 अप्रैल | दिल्ली/बेंगलुरु | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 28 अप्रैल | राजस्थान/गुजरात | 7:30 बजे | जयपुर |
| 29 अप्रैल | दिल्ली/कोलकाता | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 30 अप्रैल | चेन्नई/पंजाब | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 1 मई | राजस्थान/मुंबई | 7:30 बजे | जयपुर |
| 2 मई | गुजरात/हैदराबाद | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 3 मई | बेंगलुरु/चेन्नई | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 4 मई | कोलकाता/राजस्थान | 3:30 बजे | कोलकाता |
| 4 मई | पंजाब/लखनऊ | 7:30 बजे | धर्मशाला |
| 5 मई | हैदराबाद/दिल्ली | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 6 मई | मुंबई/गुजरात | 7:30 बजे | मुंबई |
| 7 मई | कोलकाता/चेन्नई | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 8 मई | पंजाब/दिल्ली | 7:30 बजे | धर्मशाला |
| 9 मई | लखनऊ/बेंगलुरु | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 10 मई | हैदराबाद/कोलकाता | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 11 मई | पंजाब/मुंबई | 3:30 बजे | धर्मशाला |
| 11 मई | दिल्ली/गुजरात | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 12 मई | चेन्नई/राजस्थान | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 13 मई | बेंगलुरु/हैदराबाद | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 14 मई | गुजरात/लखनऊ | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 15 मई | मुंबई/दिल्ली | 7:30 बजे | मुंबई |
| 16 मई | राजस्थान/पंजाब | 7:30 बजे | जयपुर |
| 17 मई | बेंगलुरु/कोलकाता | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 18 मई | गुजरात/चेन्नई | 3:30 बजे | अहमदाबाद |
| 18 मई | लखनऊ/हैदराबाद | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 20 मई | क्वालिफायर 1 | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 21 मई | एलिमिनेटर | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 23 मई | क्वालिफायर 2 | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 25 मई | फाइनल | 7:30 बजे | कोलकाता |

## स्पेन ने महिला प्रो लीग में जर्मनी को 2-1 से हराया

एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

स्पेन ने एफआईएच महिला प्रो लीग में रविवार को जर्मनी को 2-1 से हरा दिया। लूसियाना मोलिना ने तीसरे क्वार्टर में विजयी गोल करके स्पेन को जीत दिलाई। जर्मनी के लिए ऐना क्रेस्केन ने पहले ही मिनट में गोल कर दिया लेकिन पहले क्वार्टर के अंत में सोफियो रोगोस्की ने जर्मनी के लिए बराबरी का गोल दागा। दूसरे क्वार्टर में स्पेन की क्लारा बाडिया को ग्रीन कार्ड मिला जबकि कोई टीम गोल नहीं कर सकी।

स्पेन के लिए तीसरे क्वार्टर में मोलिना ने 38वें मिनट में गोल किया। आखिरी क्वार्टर में जर्मनी को कई पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन स्पेन का डिफेंस काफी मजबूत था। इस जीत के बाद स्पेन के छह मैचों में आठ अंक है। चीन आठ मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि गत चैंपियन नीदरलैंड दूसरे स्थान पर है जिसके चार मैचों में नौ अंक है। आस्ट्रेलिया के चार मैचों में आठ अंक है।



## राउफ फिट, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ चोट से उबर चुके हैं और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। पाकिस्तान टीम के एक करीबी सूत्र ने रविवार को एजेंसी को पुष्टि की कि हारिस चोट से उबर गए हैं और कराची में चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में खेलेंगे। इस तेज गेंदबाज को हाल ही में त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान छाती की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। सूत्र ने कहा, 'हारिस अब ठीक हैं और त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के बाद दिए गए आराम से उन्हें उबरने में मदद मिली है।'



## अमांडा अनिसिमोवा ने जीता कतर ओपन का खिताब



**दोहा।** अमांडा अनिसिमोवा ने शनिवार रात को यहां कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अपने करियर का तीसरा और 2022 के बाद पहला खिताब जीता। अनिसिमोवा ने बारिश के कारण दो बार बाधित फाइनल में पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 6-3 से हराया। बारिश के कारण दूसरी बार मैच बाधित होने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो अनिसिमोवा ने आखिरी तीन गेम जीतकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वह 2002 में मोनिका सेलेस के बाद दोहा में खिताब जीतने वाली अमेरिका की पहली खिलाड़ी बन गई।

### *अदिति सऊदी लेडीज इंटरनेशनल में 53वें स्थान पर रहीं*

*रियाद। भारत की अदिति अशोक तीसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के बाद रविवार को यहां सऊदी लेडीज इंटरनेशल गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 53वें स्थान पर रहीं। तीन दौर में 69, 72 और 75 का स्कोर बनाने वाली अदिति का कुल स्कोर पार 216 रहा। यह अदिति की 2025 में लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली प्रतियोगिता थी। अदिति ने तीसरे दौर में पार 72 के रियाद गोल्फ क्लब पर दो बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर तीन ओवर रहा। थाईलैंड की जीनो थिटिकुल ने चार शॉट के अंतर से अपना पांचवां यूरोपीय टूर खिताब जीता।*



### हार के बाद अंपायरिंग पर उठाए सवाल

**वड़ोदरा।** मुंबई इंडियंस की कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनकी टीम की आखिरी गेंद पर दो विकेट से हार पर अंपायरिंग की आलोचना की है।

## टीम चयन में हुआ था बड़ा बखेड़ा भिड़ गए थे गंभीर और अगरकर



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 3-0 से धमाकेदार जीत हासिल की थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर चैंपियंस ट्रॉफी टीम में श्रेयस अय्यर के चयन को लेकर एकमत नहीं थे।

एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम सेलेक्शन मीटिंग में गौतम गंभीर और अजीत अगरकर के बीच इसे लेकर तीखी बहस हुई थी। भारतीय टीम की ओर से इस सीरीज में मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने शानदार प्रदर्शन किया था। श्रेयस ने तीन पारियों में 60.33 की बेहतरीन औसत से 181 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक शामिल रहे। वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के चलते श्रेयस अय्यर को भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में भी जगह मिली। दोनों के बीच बहस विकेटकीपिंग स्लॉट को लेकर भी हुई थी। अगरकर चाहते थे कि फर्स्ट चॉइस विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत को तवज्जो मिले। वहीं गंभीर ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि केएल राहुल भारत के फर्स्ट चॉइस विकेटकीपर होंगे और टीम मैनेजमेंट इस पर कायम रहेगा। तभी तो इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में केएल राहुल ने तीनों मुकाबले खेले, वहीं ऋषभ पंत बेंच पर बैठे रहे।




## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5781



**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5780 का हल



## सूडोकु नवताल - 5791

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5790 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

बिलासपुर, सोमवार 17 फरवरी 2025
haribhoomi.com



# शिबाम शहर में मिट्टी के बने हैं सारे घर, 6-7 मंज़िला इमारतें भी!



**लंदन।** अगर हम आपसे कहें कि दुनिया का ऐसा कौन सा शहर है जहां सभी बहुमंजिला इमारतें मिट्टी से बनी हुई हैं, तो क्या आप जवाब दे पाएंगे? शायद आपको कल्पना भी नहीं कि ऐसा भी शहर हो सकता है, जहां पर 6 मंजिला और 7 मंजिला इमारतें भी बनाने में भी सीमेंट नहीं, बल्कि मिट्टी का इस्तेमाल ही किया जाता हो। ये शहर है मिडल ईस्ट सिटी यमन में। यमन के हद्रामौत क्षेत्र में स्थित शिबाम शहर वो जगह है, जहां के सभी घर मिट्टी के बने हैं। इस शहर को 'रेगिस्तान का मैनहट्टन' भी कहा जाता है।

## डिजाइन भी बहुत आकर्षक

यह शहर लगभग 1700 साल पुराना है और 1982 में यूनेस्को ने इसे विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दी थी। भले ही ये सुनने में अविश्वसनीय लगे, लेकिन यहां मिट्टी से बनी कई बहुमंजिला इमारतें हैं। शिबाम में इमारतें न केवल ऊंची हैं, बल्कि उनका डिजाइन भी बहुत आकर्षक है। शहर की सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखा गया है।



## मानव सभ्यता का एक अनूठा उदाहरण

शहर एक आयताकार ग्रिड में व्यवस्थित है और एक दीवार से सिक्योर किया गया है। यह प्रणाली निवासियों को दुश्मन के हमलों से बचाती है। मिट्टी से बनी इन गगनचुम्बी इमारतों को देखकर कोई भी आश्चर्यचकित रह जाएगा. शिबाम सिर्फ एक शहर नहीं है, बल्कि ये मानव सभ्यता का एक अनूठा उदाहरण भी है। वर्तमान में इस शहर में लगभग सात हजार लोग रहते हैं।

# हजारों साल पुरानी ममीज से अब भी आती है खुशबू

एजेंसी ▶▶| काहिरा



जब कोई ममी के बारे में सोचता है तो दिमाग में पहली तस्वीर एक लाश की उभरती है, जिसमें सड़ने और गलने की गंध आ रही होगी। लेकिन, हाल ही में किए गए शोध में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि 5000 साल तक ताबूत में रखे रहने के बाद भी प्राचीन मिस्र की ममी से अभी भी अच्छी खुशबू आती है। नौ ममी की जांच के दौरान शोधकर्ताओं ने पाया कि उनकी गंध की तीव्रता में अंतर था, लेकिन सभी की खुशबू को 'लकड़ी जैसी', 'मसालेदार' और 'मीठी' बताया गया है। इसमें संभवतः शव को संरक्षित करने की प्रक्रिया के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले पाइन और जुनिपर रेजिन से निकलने वाले फूलों की गंध होती है।

- वैज्ञानिकों ने खोला रहस्य, कैसे आत्मा को भेजा जाता था

**लैब में गंध को फिर से बना रहे वैज्ञानिक :** शोधकर्ताओं का कहना है कि गंध की संरचना को रासायनिक रूप से फिर से बनाने से दूसरों को ममी की गंध का अनुभव करने का मौका मिलेगा और यह बताने में मदद मिलेगी कि अंदर के शव कब सड़ने लगे हैं। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनलब हेरिटेज में शोध निदेशक और रिसर्च टीम का नेतृत्व करने वाली सेसिलिया बेम्बिब्रे ने बताया कि 'हम ममी को सूंघने के अनुभव को साझा करना चाहते हैं।

## बिना ममी को नुकसान पहुंचाए लिया गया सैंपल

जर्नल ऑफ द अमेरिकन केमिकल सोसाइटी में प्रकाशित लेख में बताया गया है कि ममी के अंदर बिना कोई हस्तक्षेप किए नमूना हासिल किया गया। इसके लिए शोधकर्ताओं ने एक छोटी ट्यूब डालकर ऐसा किया ताकि वे बिना कोई फिजिकल सैंपल किए गंध को माप सकें। बेम्बिब्रे ने बताया कि हेरिटेज वैज्ञानिक हमेशा नई जानकारी की खोज के लिए गैर-विनाशकारी तरीके खोजने की कोशिश कर रहे हैं।

## प्राचीन मिस्रवासियों का दूसरी दुनिया का विश्वास

प्राचीन मिस्र के लोग शव को ममीकरण करने के दौरान शरीर पर सुगंधित लेप लगाते थे। उनका मानना था कि ममी बनाने के दौरान रखी गई चीजें व्यक्ति की आत्मा के साथ परलोक में जाती हैं। यही वजह है कि ममीकरण के दौरान फेराओ (राजा) और कुलीन वर्ग के सदस्यों को तेल, मोम और बाम से सजाया जाता था। बेम्बिब्रे ने कहा कि फिल्मों और किताबों में ममी की गंध को सूंघने वालों के साथ भयानक चीजें होती हैं।

विज्ञान

# ब्रह्मांड में नया जीवन? वैज्ञानिकों ने पहली बार देखा नवजात ग्रह

### जेडब्ल्यूएसटी ने कैद किया अंतरिक्ष का रोमांच

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

हमारी आकाशगंगा में अनगिनत तारे और ग्रह हैं। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि एक नया ग्रह कैसे जन्म लेता है? वैज्ञानिक लंबे समय से इस सवाल का जवाब ढूंढ रहे थे और अब उन्हें पहली बार इसका सीधा सबूत मिला है। नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (JWST) ने अंतरिक्ष में एक ऐसा ही तारा देखा है। जिसके चारों ओर नए ग्रह बन रहे हैं। यह खोज ग्रहों के जन्म की अब तक की सबसे साफ तस्वीरें लेकर आई है। जिससे विज्ञान की इस अनसुलझी गुत्थी को हल करने में मदद मिलेगी।



## ग्रह बनने की इस प्रक्रिया को देखना कितना रोमांचक!

खगोलविदों के लिए यह खोज बेहद रोमांचक है, क्योंकि यह पहली बार है जब किसी ग्रह को जन्म लेते हुए देखा गया है। वैज्ञानिक डग जॉनस्टोन कहते हैं कि यह ऐसा है। जैसे हम अपनी आंखों के सामने एक नया सौर मंडल बनते हुए देख रहे हैं! अब वैज्ञानिक इस प्रणाली पर और शोध करेंगे, ताकि यह पता लगाया जा सके कि तीसरा ग्रह वाकई मौजूद है या नहीं। अगर यह सच साबित हुआ तो यह हमारी आकाशगंगा को समझने में एक बड़ा कदम होगा।

## पीडीएस 70: जहां नए ग्रह ले रहे आकार

370 प्रकाशवर्ष दूर स्थित पीडीएस 70 नाम का तारा वैज्ञानिकों के लिए बेहद खास है। यह एक युवा तारा है जिसके चारों ओर गैस और धूल का घना बादल घूम रहा है। इसी बादल के बीच से नए ग्रह उभर रहे हैं। वैज्ञानिकों ने पहले ही इसके दो ग्रहों- पीडीएस 70बी और पीडीएस 70सी की खोज कर ली थी. अब जेडब्ल्यूएसटी की नई तस्वीरों से संकेत मिला है कि शायद यहां तीसरा ग्रह भी बन रहा है!

## पहली बार कब देखा गया था ग्रह?

2018 में यूरोपियन सदर्न ऑब्जर्वेटरी के 'वेरी लार्ज टेलीस्कोप' ने पहली बार पीडीएस 70बी नामक नवजात ग्रह की सीधी तस्वीर ली थी। यह एक बड़ी उपलब्धि थी। क्योंकि, इससे पहले वैज्ञानिकों ने कभी भी किसी बनने वाले ग्रह को प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा था। इस खोज के बाद खगोलविदों ने इस ग्रह प्रणाली का और गहराई से अध्ययन करना शुरू किया।

## कैसे करता है जेडब्ल्यूटी इतनी शानदार खोजें?

जेडब्ल्यूटी के पास एक खास तकनीक है जिसे 'एपर्चर मास्किंग इंटरफेरोमेट्री' कहा जाता है। यह टेलीस्कोप को बेहद साफ और हाई-रिजॉल्यूशन वाली तस्वीरें लेने में मदद करती है। इसकी मदद से वैज्ञानिक उन चीजों को भी देख सकते हैं जो सामान्य टेलीस्कोप नहीं पकड़ पाते।

## पीडीएस 70 तारा कितना पुराना है?

पीडीएस 70 एक बहुत युवा तारा है, जिसकी उम्र मात्र 54 लाख साल है। यह अभी भी बड़ा और मजबूत बनने की प्रक्रिया में है। इसे पूरी तरह से स्थिर होने और सूर्य जैसा बनने में करोड़ों साल और लगेंगे। 2024 में वैज्ञानिकों ने तीसरे ग्रह की संभावना जताई थी। लेकिन, वे पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं थे। अब जेडब्ल्यूयूटी ने इस संभावना को और मजबूत किया है, लेकिन अभी भी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अगर यह सच में ग्रह निकला तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी खोज होगी।

## ग्रहों के चारों ओर गैस और धूल का घेरा

जेडब्ल्यूटी की तस्वीरों से पता चला कि पीडीएस 70बी और पीडीएस 70सी ग्रहों के चारों ओर गैस और धूल का एक घना घेरा मौजूद है। इसका मतलब यह है कि ये ग्रह अभी भी बन रहे हैं। ऐसा ही कुछ अरबों साल पहले हमारे सौर मंडल में भी हुआ होगा जब पृथ्वी और अन्य ग्रह बने थे।



## तीसरा ग्रह भी हो सकता है मौजूद!

अब जेडब्ल्यूटी ने और भी साफ तस्वीरें ली हैं जिससे पता चला कि पीडीएस 70 के आसपास केवल दो नहीं, बल्कि तीन ग्रह हो सकते हैं। वैज्ञानिकों को वहां कुछ ऐसा दिखा जो या तो एक तीसरा ग्रह हो सकता है या फिर धूल और गैस का घना गुच्छा। अगर यह सच में एक ग्रह निकला तो यह हमारे ब्रह्मांड को समझने के लिए एक नई दिशा खोल सकता है।

# मोनालिसा बनाने वाले ने 1495 में बनाई थी रहस्यमयी पेंटिंग



**लंदन।** मशहूर इतालवी कलाकार, वैज्ञानिक, इंजीनियर और आविष्कारक लियोनार्डो दा विंची की नोटबुक्स में कई रहस्यमयी स्केच और डिज़ाइन भरे पड़े हैं, जिनमें से कुछ ने इतिहासकारों और वैज्ञानिकों को वर्षों तक चौंकाया है। हाल ही में वैज्ञानिकों ने उनकी एक बेहद रोचक ड्राइंग के पीछे छिपे रहस्य का खुलासा किया है।

मिलान के स्फोर्जा किले के नीचे खुफिया सुरंगों का पता चला है, जिनका जिक्र दा विंची ने 1495 के आसपास अपने स्केच में किया था। ये सुरंगें किले के नीचे छिपी हुई थीं और इतिहासकार अब तक इनके अस्तित्व को लेकर अनिश्चित थे। हालांकि, अब रिसर्चर्स ने आधुनिक तकनीक की मदद से इनका पता लगाया है और यह तस्दीक की है कि ये सुरंगें हकीकत में मौजूद हैं। इस खोज को अंजाम देने के लिए मिलान की पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने किले के अधिकारियों और इंजीनियरिंग कंपनी के साथ मिलकर काम किया। उन्होंने किले की पूरी संरचना का डिजिटल स्कैन तैयार किया और उन हिस्सों को भी दर्ज किया जो 500 से ज्यादा वर्षों से छिपे हुए थे।

## किले का बचा हुआ है सिर्फ छठा हिस्सा

स्फोर्जा किले का निर्माण 1358 में शुरू हुआ था, लेकिन यह समय-समय पर नष्ट हुआ और फिर दोबारा बनाया गया। आज सिर्फ किले का छठा हिस्सा ही बचा हुआ है। 1400 के दशक में इसे नष्ट किए जाने के बाद, मिलान के ड्यूक फ्रांसेस्को स्फोर्जा ने इसके पुनर्निर्माण का आदेश दिया. जब उनकी मृत्यु 1466 में हुई तो उनके बेटे लुडोविको स्फोर्जा ने इस परियोजना को आगे बढ़ाया और लियोनार्डो दा विंची जैसे महान कलाकारों को किले की सजावट और निर्माण में शामिल किया।

**स्केच में दर्ज की थी सुरंगों की सटीक जानकारी :** दा विंची ने इस दौरान कई चित्र और डिज़ाइन बनाए, जिनमें किले की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण स्केच शामिल थे। उनके बनाए डिज़ाइन में खुफिया सुरंगों का जिक्र था, लेकिन लंबे समय तक ये सुरंगें किले में कहीं भी दिखाई नहीं दीं।

# एआई तकनीक के उपकरण से गूंगी को मिली आवाज, फिर बैन ने छीन ली खुशी!

एजेंसी ▶▶| लंदन

आमतौर पर लोग सोचते हैं कि एआई जैसी तकनीकें इंसान के लिए सुविधाएं बढ़ाने का जरिया होती हैं। लेकिन, इससे वैज्ञानिक कई तरह की सेहत संबंधी समस्याएं भी सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसी ही एक तकनीक से एक गूंगी महिला को बोलने के काबिल बनाया गया था। वह एआई के जरिए लोगों से बात भी करने लगी थी। लेकिन, जल्दी ही उसके उपकरण उपयोग पर बैन लगा दिया गया और महिला को समझ में ही नहीं आया कि उससे गलती क्या हो गई थी।

## एक तंत्रिका विकार की समस्या

यूके की जॉयसी एसर मोटर न्यूरॉन विकार से ग्रसित थीं। इसमें तंत्रिका कोशिकाएं मांसपेशियों पर काबू खो देती हैं। इसे वजह से वे अपने गले को हिला डुला तो सकती थीं। लेकिन, वे बोल या कुछ निकल नहीं पाती थीं। इसी कारण से उन्होंने इलेवन लैब्स का बनाया हुआ हाई टेक एआई उपकरण का इस्तेमाल किया।



## फिर दिखने लगीं खामियां

लेकिन, उनका यह टूल बहुत ही जल्दी अपनी कमियां उजागर करने लगा। वे खुल कर उसके जरिए बात नहीं कर पा रहीं। उन्होंने खुद ही तय कर लिया था कि टूल का इस्तेमाल बार-बार नहीं करेंगी। जल्द ही उन्हें आधिकारिक चेतावनी मिल गई, क्योंकि उनकी बातचीत में आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल होने लगा था।

## निकला समाधान?

इसमें उन्हीं की पुरानी आवाजों को रिकॉर्ड किया हुआ था, जिसके जरिए वे फिर से बोल सकती थीं। एक एजेंसी के मुताबिक जॉयसी को उपकरण में केवल अपने वाक्यों को टाइप करना होता था, लेकिन इसके लिए वे हाथ या आंख के इशारे से ही वे अक्षरों का चुनाव कर सकती थीं। उन्होंने बताया कि जब वे फिर से बोलने की स्थिति में आईं तो यह उनके लिए बहुत ही भावुक लम्हा था।
















# जंगल में रहने वाला लड़का पहली बार आया बाहर, नहीं रास आई दुनिया

**ब्राजीलिया।** एक वक्त था जब हर इंसान जंगलों में रहता था, वहीं पर अपनी दुनिया बसाता था। धीरे-धीरे जब शहरीकरण हुआ तो लोग शहरों में बसने लगे और जंगलों को छोड़ दिया। पर आज भी बहुत सी ऐसी जनजातियां हैं, जो जंगलों में रहती हैं। इन जनजाति के लोग, शहर या सभ्यता से दूर रहना पसंद करते हैं। इस वजह से जब ये ग्रामीण या शहरी इंसानों से मिलते हैं, तो बिल्कुल हैरान-परेशान नजर आते हैं। हाल ही में ब्राजील में ऐसा ही हुआ।यहां पर एक जनजाति का लड़का जंगल से बाहर आ गया और एक गांव में पहुंच गया। गांव वालों ने उसे लाइटर से आग जलाना सिखाया। हालांकि, वो लड़का 24 घंटे में ही अपने घर लौट गया।



## लोगों ने लाइटर जलाना सिखाया

ग्रामीणों का मानना है कि वो लड़का आग जलाने का इशारा कर रहा था। एक ग्रामीण व्यक्ति ने उसे लाइटर से आग जलाना सिखाया। हालांकि, वो सीख नहीं पाया। ब्राजील की जनजातीय मामलों की एजेंसी, फुनाई के लोग जल्द ही वहां पहुंच गए और उस लड़के को मछली खाने को दिया गया। उसके बाद उसे पास के ही एक केयर सेंटर ले जाया गया, जिसे एजेंसी के लोग ही चलाते थे।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com